RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 मां जया बच्चन से ज्यादा पत्नी...

वर्ष : 27 | अंक : 217 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 27 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

### ‘मन की बात’ का 124वां संस्करण

## शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर गर्व बच्चों में जगी नई जिज्ञासा : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ‘मन की बात’ कार्यक्रम के 124वें संस्करण को संबोधित करते हुए देशवासियों से विज्ञान, इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ने का आह्वान किया। संसद के मानसून सत्र के बीच आए इस संबोधन पर देशभर की नजरें टिकी थीं, और प्रधानमंत्री ने इस मंच से जन भावना, देशभक्ति और भविष्य के भारत की आकांक्षाओं को स्वर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में पीएम मोदी ने हाल ही में अंतरिक्ष से लौटे भारतीय वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला का उल्लेख करते हुए कहा कि शुभांशु जैसे ही अंतरिक्ष से लौटे, पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। चंद्रयान-3 की सफलता ने बच्चों में स्पेस साइंस के प्रति एक नई जिज्ञासा और ऊर्जा भर दी है। अब छोटे बच्चे भी कहते हैं कि वे अंतरिक्ष में जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने बताया कि INSPIRE मानक अभियान के तहत अब देशभर के स्कूलों से दोगुनी संख्या में बच्चे नवाचार लेकर सामने आ रहे हैं। स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या का भी उन्होंने उल्लेख किया और कहा कि 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा।

आप इसे कैसे मनाएंगे, मुझे नमो भारत ऐप पर जरूर मैसेज भेजिए, पीएम मोदी ने कहा।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ऐतिहासिक गौरव की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यूनेस्को ने हाल ही में 12 मराठा किलों को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 किले महाराष्ट्र में और 1 तमिलनाडु में स्थित है।

हर किला इतिहास के एक-एक पन्ने को समेटे हुए है। मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इन किलों की यात्रा करें, इतिहास को जानें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करें।

पीएम मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत खुदीराम बोस को याद करते हुए कहा कि कैसे एक 18 वर्षीय युवक ने अंग्रेजों के खिलाफ अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 11 अगस्त 1908, मुजफ्फरपुर की जेल में फांसी के तख्ते पर चढ़ते समय खुदीराम के चेहरे पर भय नहीं, बल्कि गर्व था। उनका बलिदान हमें आज भी प्रेरणा देता है।

# मनसा देवी मंदिर में भगदड़ 6 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत

**हरिद्वार (एजेंसी)।** हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में आज रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया । मंदिर में अचानक भीड़ अधिक होने से भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई । घटना के वक्त हुई मंदिर में दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे।

आज सुबह के समय मंदिर में अप्रत्याशित रूप से भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके चलते स्थिति बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया

गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शिंकर पांडे ने एजेंसी एएनआई को बताया कि मनसा देवी मंदिर में भारी भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मचने से 6 लोगों की जान चली गई । उन्होंने यह भी बताया कि वे खुद घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं ।

कहा जाता है कि मनसा देवी मंदिर को राजा गोला सिंह ने 1811 से 1815 के बीच बनवाया था । मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत की कुछ बूंदें यहां पर भी गिरी थीं । इसके बाद यहां पर माता के मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें माता की दो मूर्तियों की स्थापना की गई । मंदिर में स्थापित माता कि एक प्रतिमा में माता के तीन मुख के साथ ही पांच भुजाएं हैं । दूसरी प्रतिमा में आठ भुजाएं हैं।



मेला अस्पताल में भर्ती घायल बद्री हिमाचल प्रदेश से आए रीना देवी दास, फरीदाबाद से आए कुलदीप कुमार प्रजापति उनकी पत्नी आरती, भाई जितेंद्र और साली गायत्री देवी ने बताया कि घटना पैदल मार्ग के शीर्ष पर चढ़ने और उतरने वालों की भीड़ अनियंत्रित होने की वजह से हुई। लोग धक्का-मुक्की करते एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए। भगदड़ मची। जिसमें वह घायल हुए।

## ‘एके-47 गैंग’ ने व्यापारी से मांगी 5 करोड़ की फिरौती

**कुशीनगर (एजेंसी)।** जिले के पडरौना के एक प्रतिष्ठित व्यापारी अंशुमान बंका को ‘एके-47 गैंग’ के नाम से धमकी भरा संदेश मिला है । इस मैसेज में उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई, साथ ही पैसा न देने पर दिन दहाड़े बीच चौराहे पर गोली मारने और उनके बच्चे को अगवा करने की धमकी दी गई। जिसके बाद हड़कंप मचा हुआ है। व्यापारी ने पुलिस के पास जाकर मुकदमा दर्ज कराया है।



व्यापारी अंशुमान बंका को यह धमकी भरा मैसेज उनके निजी मोबाइल नंबर पर भेजा गया था। मैसेज में खुद को एके-47 गैंग’ का सदस्य बताने वाले शख्स ने स्पष्ट शब्दों में फिरौती की मांग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उसने धमकी देते हुए कहा कि ‘मैं;च-47 बोल रहा हूं। 5 करोड़ की डिमांड कर रहा हूं। अगर पैसे नहीं मिले तो दिन दहाड़े चौराहे पर गोली मार दूंगा। 24 घंटे का मौका दे रहा हूं। उसके बाद नहीं बच पाओगे। अगर ज्यादा चालाकी की तो, तुम्हारे बच्चे को स्कूल से उठा लूंगा’। यह मैसेज देख व्यापारी और उनके परिजनों के होश उड़ गए।

धमकी से सहमे अंशुमान बंका ने तुरंत पडरौना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी दी और एक लिखित तहरीर दी है। व्यापारी ने तहरीर में बताया कि वह अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं और उन्हें लगातार किसी अनहोनी का डर सता रहा है। उनका परिवार इस धमकी के बाद बेहद डरा हुआ है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पडरौना कोतवाली पुलिस अब तकनीकी जांच और मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## दो मुस्लिम महिलाओं ने अपनाया सनातन धर्म

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** गाजियाबाद में सोनिया खान और खुशबू खान ने इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म को अपनाया। इन दोनों महिलाओं की विधिवत पूजा-पाठ के साथ घर वापसी करवाई गई, जिसकी अगुवाई हिंदू रक्षा दल के प्रमुख पिंकी चौधरी ने की।

धर्म परिवर्तन के बाद खुशबू ने अपना नाम बदलकर खुशबू चौधरी रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस्लाम में महिलाओं को बच्चा पैदा करने की मशीन समझा जाता है और उन्हें हलाला जैसे रिवाजों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं को देवी तुल्य माना जाता है, जो उन्हें आत्मसम्मान और आज़ादी का अहसास कराता है।



खुशबू ने बताया कि उन्होंने सात साल पहले एक हिंदू युवक से शादी की थी, जिसके बाद वह लगातार महसूस कर रही थीं कि सनातन धर्म उनके लिए अधिक स्वीकार्य है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पिता ने एक बांग्लादेशी महिला से तीसरी शादी की, जो उनके निर्णय में एक कारण बना।

वहीं, दूसरी महिला सोनिया खान ने भी अपने तीन बच्चों के साथ सनातन धर्म में घर वापसी की इच्छा जताई है। दोनों महिलाओं ने कहा कि वह इस्लाम धर्म की रीति-नीतियों से असहज और असहमत थीं, और उन्हें अब अपने नए धर्म में सम्मान और मानसिक शांति महसूस हो रही है।

हिंदू रक्षा दल के पिंकी चौधरी ने कहा कि उनकी टीम ऐसे मामलों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है और जो भी महिलाएं स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन कर घर वापसी करना चाहती हैं, उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

## मकान में आग लगने से महिला की मौत



पूर्वी दिल्ली (एजेंसी)। उस्मानपुर इलाके में दो मंजिला मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटें इतनी तेज थीं कि धुंए के कारण दम घुटने से मंजू जैन नाम की महिला की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर पाया काबू। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात की जा रही है।

## प्रदेशभर में आरओ-एआरओ की परीक्षा संपन्न, 2382 केंद्रों में सिर्फ एक पाली में कराया गया एग्जाम



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के सभी जिलों में आज आरओ-एआरओ परीक्षा एक साथ आयोजित की गई। यह पहली बार है कि यह परीक्षा सिर्फ एक पाली में कराई गई। हर परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक के अलावा दो मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। परीक्षा आज सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चली। इसके लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में 2382 केंद्र बनाए गए थे।

इससे पहले परीक्षार्थी तय समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। 9.30 बजे की परीक्षा के लिए गेट से एंट्री 8.30 बजे से शुरू की गई। सभी केंद्रों पर फेस रिकग्नीशन, बायोमेट्रिक सत्यापन और कड़ी तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा रविवार सुबह से जिले के 13 केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई है। एक पाली में हो रही इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से ही केंद्रों पर जुटने लगे। सभी केंद्रों पर फेस रिकग्नीशन, बायोमेट्रिक सत्यापन और कड़ी तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है।

जिले भर के 13 परीक्षा केंद्रों पर 5376 अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। केंद्रों के बाहर महिला और पुरुष कांस्टेबलों की अलग-अलग टीमें तैनात हैं। परीक्षार्थियों के सामान के लिए काउंटर बनाए गए हैं और फोटोस्टेट की दुकानें बंद रखी गई हैं। प्रवेश से पहले सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में गहन तलाशी ली जा रही है।

डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रशिक्षित कक्ष निरीक्षक, पुलिस बल और मोबाइल सचल दल की तैनाती की गई है। हर गतिविधि पर जिला मुख्यालय स्थित मॉनिटरिंग सेल से लाइव नजर रखी जा रही है।

परीक्षार्थी भी पूरी सजगता के साथ केंद्रों पर पहुंचे। लाइन में लगे अभ्यर्थी हाथ में प्रवेश पत्र और आईडी लेकर शांतिपूर्वक प्रवेश की प्रक्रिया से गुजरते रहे। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल या ब्लूटूथ आदि केंद्र में नहीं ले जाने दिया जा रहा है।

## बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी को मारी टक्कर, पांच वर्षीय बच्ची की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने कार जब्त कर दोनों आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सदरपुर निवासी गुल मोहम्मद अपनी बीमार 5 वर्षीय बेटी और दोस्त राजा के साथ स्कूटी से सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल जा रहे थे। जैसे ही वे अस्पताल के सामने पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रही हरियाणा नंबर की बीएमडब्ल्यू कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गुल मोहम्मद



और राजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

घटना के बाद पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार को कब्जे में ले लिया है और कार में सवार यश शर्मा और अभिषेक रावत को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, गैर इरादतन हत्या और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार सेक्टर-20 थाने में खड़ी कर दी गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि घटना के वक्त कार चालक नशे में तो नहीं था।

## शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा सुसाइड मामले में महिला आयोग हुआ सख्त, यूपी डीजीपी को दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित शारदा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में 18 जुलाई की शाम बीडीएस सेकेंड ईयर की छात्रा ज्योति शर्मा ने फंदे से लटक कर सुसाइड कर ली थी। अब यह मामला राष्ट्रीय महिला आयोग तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट के बाद महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने भी स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष ने यूपी के डीजीपी से घटना से लेकर अब तक की कार्रवाई की तीन दिन में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने प्रकरण को लेकर मीडिया में प्रसारित खबरों को गंभीरता से लिया है। वहीं दूसरी ओर यूनिवर्सिटी की जांच कमेटी भी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जिसकी भी लापरवाही पाई जाएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने यूपी के डीजीपी को तीन दिनों के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। ताकि घटना का सच सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

इसके साथ ही परिवारिजनों को आवश्यक सहायता तत्काल मुहैया कराई जाए। रिपोर्ट में बताना होगा कि पुलिस ने अब तक क्या कार्रवाई की। इसके अलावा शारदा यूनिवर्सिटी में गठित कमेटी ने निर्धारित समय सीमा में जांच रिपोर्ट पुलिस को क्यों नहीं सौंपी। परिजनों की क्या-क्या मांग हैं आदि।

गौरतलब है कि, ज्योति शर्मा मामले में शारदा यूनिवर्सिटी में गठित जांच कमेटी तय समय सीमा बीतने के बावजूद अब तक अपनी रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को नहीं सौंप पायी है। इसकी वजह ज्योति के परिजनों का पक्ष नहीं मिलना रहा। फिलहाल ज्योति के परिजनों ने शुक्रवार को कमेटी और पुलिस अधिकारियों के सामने पक्ष रखा।

परिजनों का कहना है कि मामले में आरोपियों पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से उचित कार्रवाई की जाएगी, ऐसा उन्हें बिल्कुक विश्वास नहीं है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ, न्यायाधीश और पुलिस अधिकारियों पर भरोसा जताया है। परिजनों ने मामले में दोषियों के खिलाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शारदा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि परिजनों का पक्ष नहीं रखने की वजह से कमेटी की जांच रिपोर्ट पूरी नहीं हो सकी है। शुक्रवार को भी परिजनों ने पूरी बातें नहीं बताईं। फिलहाल सोमवार तक जांच रिपोर्ट बनाकर पुलिस अधिकारियों के सुपुर्द करने का प्रयास किया जाएगा।

# मुक्त व्यापार समझौता

भारत-ब्रिटेन 'मुक्त व्यापार समझौता' एक उदाहरण, एक नमूना बन सकता है, क्योंकि भारत अमरीका और यूरोपीय संघ के साथ भी ऐसे ही समझौतों पर बात कर रहा है। आज भारत विश्व की चौथी और ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे देशों के बीच 'मुक्त व्यापार समझौता' आपसी कारोबार, उद्योग, उत्पादन, निवेश और रोजगार के क्षेत्रों में 'मील पत्थर' साबित हो सकता है। भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय आधार पर बाजार खुलेंगे, लिहाजा उनके उत्पादों को एक बड़ा बाजार हासिल होगा। दोनों देशों के बीच फिलहाल करीब 56 अरब डॉलर का व्यापार होता है, जिसे 2030 तक 120 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। समझौते के तहत अधिकतर भारतीय उत्पादों के निर्यात को 'शुल्क-शून्य' रखा गया है। ब्रिटेन की मशहूर स्कॉच व्हिस्की पर भारत में 150 फीसदी आयात शुल्क को घटा कर 75 फीसदी किया गया है। अगले 10 साल में इसे 40 फीसदी तक लाया जाएगा। भारत के कृषि-क्षेत्र में बासमती, अंगूर, मसाले, अल्फांसो, मछली आदि उत्पादों का निर्यात 7000 करोड़ रुपए से बढ़कर तीन साल में दोगुना हो जाएगा। वस्त्र पर 12 फीसदी शुल्क था, जो अब शून्य कर दिया गया है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कंबोडिया के वस्त्र उत्पादों पर पहले से ही शून्य शुल्क है। रत्न-आभूषण पर शुल्क 4 फीसदी था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। अब 8100 करोड़ रुपए का व्यापार 5 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत अभी 8600 करोड़ रुपए के फार्मा उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात करता है, लेकिन अगले तीन साल में तेजी आने की पूरी संभावनाएं हैं। भारत की 36 सेवा-क्षेत्रों में पहुंच बहुत आसान हो जाएगी। 400 भारतीय डॉक्टरों को भी प्रवेश मिल सकेगा। करीब 1800 भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीत से जुड़े प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में सेवा देने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समझौते से भारत के युवाओं, पेशेवरों, किसानों, महिलाओं और उद्योगों को बहुत लाभ होगा। खासकर निर्यातकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हमारे समुद्री उत्पाद, विद्युत मशीनरी, फर्नीचर, खेल सामग्री, वाद्य यंत्र और घड़ियां, चमड़ा/जूते, प्रसंस्कृत खाद्य, परिवहन और ऑटो, लकड़ी और कागज, फल, तिलहन, सब्जियां, अनाज, तेल, चाय, कॉफी आदि पर अब शुल्क शून्य होगा। इससे एमएसएमई उद्योगों द्वारा बनाए गए उत्पादों की ब्रिटेन के बाजारों तक आसान पहुंच संभव होगी। हालांकि डेयरी क्षेत्र में दूध, घी, मक्खन, पनीर आदि को रियायतों से बाहर रखा गया है। अनाज में गेहूं, चावल, मक्का, मोटा अनाज मसलन-ज्वार, बाजरा, रागी आदि को भी कोई रियायत नहीं दी गई है। फलों में सेब, अनानास, संतरे, अनार जैसे उत्पाद बाहरी सूची में रखे गए हैं। बहरहाल तीन साल की मशक्कत, आपसी संवाद, कारोबार की स्थितियों पर लंबे विमर्श के बाद यह समझौता संभव हो पाया है। किसी भी विकसित देश के साथ भारत का यह पहला 'मुक्त व्यापार समझौता' है। अमरीका के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। आम धारणा है कि भारत विदेशी वस्तुओं के आयात पर अधिक शुल्क वसूलता है। भारत की औसत शुल्क दर 17-19 फीसदी है। हालांकि कृषि उत्पादों पर 39 फीसदी तक शुल्क रहा है। इस करार के बाद ब्रिटिश उत्पादों पर 15 फीसदी से घटा कर मात्र 3 फीसदी शुल्क ही लगाया जाएगा। नतीजतन ब्रिटेन का निर्यात बढ़ेगा। भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, ब्रिटेन के बाजार तक, 'शुल्क-मुक्त' पहुंच पाएंगे, लिहाजा भारत का निर्यात भी बढ़ेगा। भारत ने उस देश से करार किया है, जिसका वह करीब 200 साल तक 'उपनिवेश' रहा। गुलाम देश बनकर रहा। ब्रिटेन ने उस दौर में भारत के 45 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के धन, संसाधन, बेशकीमती सामान लूटे और अपने देश ले गया। यह राशि आज के अमरीका की कुल 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की डेढ़ गुना है। बहरहाल आज नया भारत है और नया ब्रिटेन है। हम कई मायनों में ब्रिटेन से बहुत आगे हैं। इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को विस्तार मिलेगा। यह करार आईटी, वित्तीय, कानूनी, पेशेवर और शैक्षिक सेवाओं के बाजार को भी विस्तार देगा। भारत-ब्रिटेन का व्यापार समझौता ऐसे समय आया है, जब ट्रंप की 'टैरिफ नीति' ने दुनिया में हडकंप मचाया हुआ है।

# समीकरणों को बदलने में माहिर हैं मोदी

## मालदीव में चीनी दबदबा खत्म कर बढ़ा दिया भारत का प्रभाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने इस पड़ोसी देश को आगे बढ़ते रहने तथा खुशहाल रहने के लिए भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के दौरान जिस गर्मजोशी से मालदीव की जनता और सरकार ने उनका स्वागत किया, उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को कई संदेश दिए। मालदीव की सड़कों पर लगे 'मोदी-मोदी' के नारे और नागरिकों का उत्साह यह दर्शाता है कि भारत और मालदीव के रिश्ते नए विश्वास और मजबूती के दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शुरुआती दिनों में उनके चीन की ओर झुकाव को लेकर आशंकाएं थीं। लेकिन मोदी के स्वागत ने यह संकेत दिया कि मालदीव की जनता भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है। यह चीन के लिए स्पष्ट संदेश है कि मालदीव में भारत की जमीनी पकड़ और लोकप्रियता मजबूत है। जो लोग मालदीव में इंडिया आउट अभियान चला रहे थे उन्हें राजधानी माले की सड़क का यह दृश्य जरूर देखना चाहिए जहां जनता खुद से नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रही है।

हम आपको बता दें कि चीन हिंद महासागर में अपने बंदरगाहों और निवेशों के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मालदीव इस रणनीति में एक अहम मोती है। लेकिन मालदीव में भारत के प्रति बढ़ती सकारात्मकता चीन की इस नीति के लिए बाधा बन सकती है। 'मोदी-मोदी' के नारे यह संकेत हैं कि मालदीव भारत को अधिक प्राथमिकता देने के लिए तैयार है। साथ ही मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को देश के मामलों पर नियंत्रण नहीं करने देगी। भारत के साथ बढ़ता सहयोग यह दिखाता है कि मालदीव चीन पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। यह संकेत चीन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हम आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने 60वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चीन को अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को मालदीव पर नियंत्रण नहीं करने देगी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने वरिष्ठ सैन्य और पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि मालदीव को हमेशा अपने नागरिकों की सुरक्षा और अपने मामलों के प्रबंधन के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशाल समुद्री क्षेत्र वाले इस देश के लिए सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है ताकि वह अपने मामलों को स्वयं संभाल सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मालदीव द्विपक्षीय साझेदारों से तकनीकी और



**मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शुरुआती दिनों में उनके चीन की ओर झुकाव को लेकर आशंकाएं थीं। लेकिन मोदी के स्वागत ने यह संकेत दिया कि मालदीव की जनता भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है।**

अन्य सहयोग लेने के लिए खुला है, लेकिन किसी अन्य देश को आकर मालदीव के मामलों पर नियंत्रण करने देना उनकी सरकार की नीति के विरुद्ध है। यही कारण है कि प्रशासन सेना और पुलिस की भूमिका बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

मालदीव में मोदी के स्वागत का यह उत्साह बताता है कि भारत न केवल आर्थिक और रक्षा सहयोग से बल्कि जनता-से-जनता के रिश्तों से भी मालदीव में मजबूत स्थिति में है। यह चीन को संदेश देता है कि भारत की इस क्षेत्र में गहरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ें हैं, जिन्हें बाहरी प्रभाव से कमजोर करना मुश्किल है। मोदी के मालदीव दौरे और 'मोदी-मोदी' नारों ने चीन को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका अपरिहार्य है। मालदीव भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर यह दिखा रहा है कि वह चीन के अत्यधिक प्रभाव से दूरी बनाना चाहता है। मालदीव के राष्ट्रपति ने जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय राजनीति में रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी वह दृश्य भी देखने लायक था।

जहां तक भारत और मालदीव के बीच हुए करारों की बात है तो आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुइज्जू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की शर्तें, भारत की एक्ज़िम बैंक से 565 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट, मछली पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में सहयोग, डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने, भारतीय फार्माकोपिया की मान्यता और मालदीव में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) सेवाओं के कार्यान्वयन से जुड़े समझौते शामिल हैं।

कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा ने भारत-मालदीव संबंधों को एक नई ऊंचाई दी है। इस यात्रा का महत्व केवल द्विपक्षीय सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करती है। जहां तक मोदी की यात्रा से चीन पर रणनीतिक प्रभाव पड़ने की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव, हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की Belt and Road Initiative (BRI) का अहम हिस्सा रहा है। बीते कुछ वर्षों में चीन ने मालदीव में भारी निवेश कर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा यह संदेश देती है कि भारत मालदीव को अपनी रणनीतिक परिधि का हिस्सा मानता है और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए सक्रिय है। भारत द्वारा घोषित नई परियोजनाएं और सुरक्षा सहयोग मालदीव को यह विकल्प देते हैं कि वह चीन पर अत्यधिक निर्भर न रहे।

हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति के एक करीबी रिश्तेदार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की बात जैसे ही सामने आई वैसे ही भारत ने इसे गंभीरता से लिया और कड़ा कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया। यह प्रतिक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संदेश देता है कि भारत अपने नेतृत्व के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा। यह मालदीव सरकार को भी सतर्क करता है कि वह आंतरिक राजनीतिक बयानों को नियंत्रित करे, ताकि द्विपक्षीय संबंधों पर नकारात्मक असर न पड़े। भारत ने यह स्पष्ट किया कि मजबूत रिश्ते पारस्परिक सम्मान पर आधारित होते हैं। मालदीव सरकार ने भी बाद में यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि ऐसे बयान द्विपक्षीय रिश्तों को प्रभावित न करें।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत-मालदीव संबंधों में रक्षा, व्यापार और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बढ़ती साझेदारी दोनों देशों को दीर्घकालिक लाभ देगी। यह सहयोग न केवल आर्थिक विकास में सहायक होगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव यात्रा ने भारत-मालदीव संबंधों को नई मजबूती दी है। भारत द्वारा दी गई सहायता ने मालदीव की सुरक्षा और विकास क्षमताओं को बढ़ाया है, जो चीन के प्रभाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस यात्रा से एक बात और उभर कर आई कि प्रधानमंत्री मोदी घरेलू राजनीति ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों को भी बदलने में माहिर हैं। कल तक मालदीव पर चीन का दबदबा था लेकिन अब मोदी ने उसे खत्म कर वहां भारत का प्रभाव बढ़ा दिया है। इससे पहले मोदी श्रीलंका और नेपाल को भी चीनी दबदबे से काफी हद तक बाहर निकलवा चुके हैं।

**नीरज कुमार दुबे**

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वेद कहते हैं कि बच्चे के रोने की बहुत ही प्यारी ध्वनि सुनकर सब रानियाँ उतावली होकर दौड़ी चली आईं। दासियाँ हर्षित होकर जहाँ-तहाँ दौड़ीं। सारे पुरवासी आनंद में मग्न हो गए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दसरथ पुत्रजन्म सुनि काना। मानहु ब्रह्मानंद समाना॥**
**परम प्रेम मन पुलक सरीरा। चाहत उठन करत मति धीरा॥**

राजा दशरथजी पुत्र का जन्म कानों से सुनकर मानो ब्रह्मानंद में समा गए। मन में अतिशय प्रेम है, शरीर पुलकित हो गया। (आनंद में अधीर हुई) बुद्धि को धीरज देकर (और प्रेम में शिथिल हुए शरीर को संभालकर) वे उठना चाहते हैं॥

**जाकर नाम सुनत सुभ होई। मोरें गृह आवा प्रभु सोई॥**
**परमानंद पूरि मन राजा। कहा बोलाइ बजावहु बाजा॥**

जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। (यह सोचकर) राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजे वालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ॥

**गुर बसिष्ठ कहँ गयउ हँकारा। आए द्विजन सहित नृपद्वारा॥**
**अनुपम बालक देखेन्हि जाई। रूप रासि गुन कहि न सिराई॥**

गुरु वशिष्ठजी के पास बुलावा गया। वे ब्राह्मणों को साथ लिए राजद्वार पर आए। उन्होंने जाकर अनुपम बालक को देखा, जो रूप की राशि है और जिसके गुण कहने से समाप्त नहीं होते॥

(क्रमशः...)

# छोटी सी कमेटी का महत्व (व्यंग्य)

पिछले दिनों हमारे शहर में, राजनीति की सामाजिक प्रेरणा से ऐतिहासिक नायकों की मूर्तियां स्थापित की गई। यह सब एक विशाल सक्रिय कमेटी जिसमें हर रंग के लोग शामिल रहे, द्वारा लिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णय के आधार पर हुआ। इस बेहद जरूरी काम के बाद, शहर के बहुत पुराने बाढ़ के उद्धार के लिए कार्यकारी अधिकारी से सम्पर्क किया गया।

पिछले कई सालों में म्युनिसिपल कमेटी में जितने भी कार्यकारी अधिकारी आए उन्हें ससम्मान बाढ़ में लाया गया है। उन्हें दिखाया कि बाढ़ की हालत ख़राब है। सभी ने आश्वासन देते हुए खट्टे मीठे वायदे किए। एक बेचारे अधिकारी तो पूरे समय फोन ही सुनते रहे। अब यह नए जनाब आए हैं जिनका जन्म इसी शहर में हुआ है। बताते हैं अपनी जन्मभूमि से सचमुच प्यार करते हैं और भावनात्मक रूप से हमेशा जुड़े रहते हैं। कुछ वरिष्ठ नागरिकों के आग्रह पर अपना कीमती वक्त निकालकर यहां तशरीफ लाए हैं। साथ में इनके मनपसंद पार्षद हैं जिनकी बात यह मानते हैं।

ऐतिहासिक बाढ़ में कचरा यहां वहां संभाल कर रखा हुआ है। रास्ते टूटे पड़े हैं। कुत्तों को न लाने और घुमाने वाला बोर्ड गुम है तभी तो आधा दर्जन कुत्ते घूम रहे हैं। क्यारियों में फूल उगाने का समय नहीं मिला। तालाब की मछलियां मर रही हैं। सूखे पेड़ खुद ही टूट कर गिर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक कक्ष में ताला जड़ा हुआ है। इ टॉयलेट की लाश खड़ी है। बातचीत के दौरान समझदार पार्षद ने अपना बहुमूल्य सुझाव दिया, एक छोटी सी



कमेटी बनाते हैं, सरजी, अच्छा रहेगा। एक वरिष्ठ नागरिक ने पूछा उससे क्या होगा। उन्होंने समझाया कि कमेटी ज्यादा बड़ी नहीं होगी, क्यूंकि बड़ी कमेटी में ज्यादा सदस्य होते हैं जब मीटिंग करो तो सभी के पास समय नहीं होता, बार बार बुलाने पर भी कम बंदे आते हैं लेकिन कहते हैं खबर में नाम जरूर डाल देना। इसलिए एक छोटी सी कमेटी बना लेते हैं जी।

कमेटी छोटी होगी तो मीटिंग आसान होगी। कमेटी बनाने से कई अच्छे सुझाव मिल जाते हैं जी, काम अच्छे तरीके से हो जाता है। कोई पंगा नहीं रहता सरजी। हमने पूछा तो बताया कि उसमें एक अधिकारी होगा, दो तीन पार्षद, शासक पार्टी का एक बंदा और एक लोकल महिला नेता।

एक महीने बाद वरिष्ठ नागरिकों ने जानना चाहा, क्या कमेटी बन गई है तो सही जवाब मिला, सरकारी कमेटी बनाने बारे तुम क्या जानो आम आदमी, यह संजीदा लोकतान्त्रिक कार्य होता है। उनसे वैसे ही जानना चाहा कि क्या कूड़ा कचरा साफ करवाने और उठवाने के किए भी किसी की स्वीकृति की जरूरत है। दो चार मजदूर ही तो चाहिए। वे बोले सर, हमारे यहां किसी भी काम में, कोई न कोई, किसी किसी न किस्म का, नई तरह का पंगा कर देता है सरजी। इसलिए काम होने से पहले सबसे जरूरी काम है कमेटी बनाकर सलाह लेना। इससे समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है कि देखो कबाड़ उठाने के लिए भी कमेटी बना रहे

**पिछले कई सालों में म्युनिसिपल कमेटी में जितने भी कार्यकारी अधिकारी आए उन्हें ससम्मान बाढ़ में लाया गया है। उन्हें दिखाया कि बाढ़ की हालत ख़राब है। सभी ने आश्वासन देते हुए खट्टे मीठे वायदे किए। एक बेचारे अधिकारी तो पूरे समय फोन ही सुनते रहे।**

हैं। कमेटी के फैसलों पर कोई तर्जनी तो क्या चिचली उंगली भी नहीं उठा सकता जी।

मिलजुल कर काम करना हमारी समृद्ध कार्यसंस्कृति की स्थापित परम्परा है जी। यह सुझाव सभी को मानना ही पड़ा। छोटी सी कमेटी का निर्माण बहुत जरूरी है जी। कमेटी में कौन कौन होगा, इस बारे गहन विचार विमर्श जारी है सरजी।

**- संतोष उत्सुक**

# राशिफल

**श्रावण माह, कृष्ण पक्ष, तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय में सुधार होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। अच्छे समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। कोर्ट-कचहरी में विजय। व्यापारिक सफलता। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आनंदमय जीवन गुजरेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ सानिध्य बना रहेगा, जो लोग विवाहित हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे या स्वंय हार जाएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। नुकसान का संदेह है। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम, संतान भी अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है। धर्नाजन बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी।

# फोनरवा कार्यालय में सीईओ का हुआ भव्य स्वागत






**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नोएडा को 3 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किए जाने के गौरवपूर्ण अवसर पर फोनरवा कार्यालय, सेक्टर-52 में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम का भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, महाप्रबंधक एस.पी. सिंह, आर.पी. सिंह, ए.के. अरोड़ा, हॉर्टिकल्चर डायरेक्टर आनंद मोहन, गौरव बंसल सहित प्राधिकरण के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नोएडा की अनेक आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

फोनरवा के अध्यक्ष ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह नोएडा वासियों के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि हमारा शहर देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शुमार हुआ है। इस सफलता का पूरा श्रेय माननीय सीईओ लोकेश एम के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और जनहित की प्रतिबद्धता को जाता है।

उन्होंने कहा कि नोएडा की आरडब्ल्यूए संस्थाएं हमेशा प्राधिकरण के साथ मिलकर कार्य करती रही हैं और भविष्य में भी हमारा पूरा सहयोग रहेगा। साथ ही, उन्होंने सीईओ द्वारा आरडब्ल्यूए के साथ संवाद की प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ कराने हेतु धन्यवाद भी प्रकट किया।

फोनरवा के महासचिव के.के. जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकेश एम के नेतृत्व में स्वच्छता सिर्फ एक सरकारी योजना न रहकर जन-आंदोलन बन गई है। न केवल भौतिक स्वच्छता को बढ़ावा मिला है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति चेतना भी जागृत हुई है।

उन्होंने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि लोकेश एम के नेतृत्व में नोएडा आने वाले वर्षों में अगली बार हम 7-स्टार रेटिंग प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने कहा कि यह पुरस्कार केवल प्राधिकरण का नहीं बल्कि सभी नागरिकों और आरडब्ल्यूए के सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि नोएडा को सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो इस बात का प्रमाण है कि स्वच्छता को लेकर प्राधिकरण की टीम ने हर स्तर पर निष्ठा से कार्य किया है।

उन्होंने यह भी बताया कि नोएडा में ग्रीन वेस्ट सेग्रीगेशन, गोबर के निस्तारण से उत्पाद निर्माण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ अभियान जैसी पहलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## राजस्थान कल्याण परिषद ने धूमधाम से मनाया तीज़ महोत्सव





**नोएडा (चेतना मंच)।** राजस्थान कल्याण परिषद नोएडा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रिया गोल्ड तीज महोत्सव आज अग्रसेन ऑडिटोरियम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इसमें सभी सदस्य पारंपरिक परिधानों में आए, जिनमें पुरुष धोती-कुर्ता, पायजामा-कुर्ता पहन कर आए तथा महिला सदस्य लहंगा-चुनरी और साड़ी आदि पहन कर आईं। चारों तरफ राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा देखते ही बनती थी। इस बार तीज महोत्सव की थीम रही हम तुम और एआई। इसमें एक नृत्य-नाटिका संस्था के महिला एवं पुरुष सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें शिव विवाह - शून्य से पूर्णता तक, अघोरी शिव की आदिशक्ति के पुनर्जन्म पार्वती की शिव-पार्वती मिलन गाथा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। राजस्थानी गीत एवं नृत्यों से पूरा ऑडिटोरियम गूंज उठा। बच्चों द्वारा रैंप वॉक एवं बड़ों द्वारा अपनी विरासत धोती में रैंप वॉक देखते ही बनती थी। अंत में कव्वाली ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका पारुल महेश्वरी, सरिता गुप्ता एवं रंजना सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच का शानदार संचालन मीनाक्षी राठी, सरिता गुप्ता एवं एआई पारुल महेश्वरी ने किया।

नोएडा की विभिन्न संस्थाओं के गणमान्य सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर शोभा बढ़ाई। शामिल संस्थाओं में श्रीजी गौ सदन, भारत विकास परिषद, मंगलमय परिवार, मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी समाज, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, अग्रवाल मित्र मंडल, राजस्थान संस्था संघ दिल्ली, सनातन धर्म मंदिर, अपना घर नोएडा, राजस्थान क्लब आदि शामिल रहे। विभिन्न संस्थाओं से गणमान्य सदस्य पधारे।

इसी के साथ हमारे संस्था के संरक्षक और नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा का आगमन हुआ, संस्था ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। संस्था के वर्तमान अध्यक्ष दिनेश महेश्वरी ने आई हुई सभी संस्थाओं के मेहमानों का हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। संस्था की महासचिव रंजू माथुर ने सभी का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष जी.पी. केडिया, आर.पी. सोनी, ओ.पी. बंसल, महेंद्र शाह, जी.सी. महेश्वरी, विजय सोनी, अनिल अग्रवाल, अरविंद सोनी, आर.सी. बजाज, अंजनी सराफ, पवन शर्मा, के.सी. गुप्ता, जीवन जैन, जुगल किशोर भारती तथा संस्था के सदस्यों में एन.के. सोडाणी, प्रदीप बजाज, प्रकाश ईनानी, जी.सी. पारीक, ओ.पी. पारीक, राजेश खंडेलवाल, राम रतन शर्मा, एस.एन. पारीक, शांतिलाल सुराणा, विक्रम अग्रवाल, विष्णु गोयल, विश्वनाथ पारीक, एम.एम. रामावत, कैलाश किला, विनय सोनी, राजीव गुप्ता एवं संस्था के कोषाध्यक्ष अनिल जैन की उपस्थिति विशेष रही।

## सेक्टर-34 में हुआ भव्य तीज महोत्सव का आयोजन





**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 द्वारा कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-34 में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कारगिल विजय दिवस भी मनाया गया।

आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि तीज महोत्सव में सेक्टर की हजारों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की थीम हरे, पीले एवं लाल रंग के परिधानों में सजी महिलाओं ने नृत्य-संगीत का जमकर आनंद उठाया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें ग्रुप डांस, विभिन्न तरह के फनी गेम्स, रैंप वॉक, तीज क्वीन, लकी ड्रा प्रतियोगिता खास रहीं। प्राकृतिक झूला, फूलों से सजे हुए झूले और सेल्फी प्वाइंट ने सबका मन मोह लिया। समापन पर सभी विजेता महिलाओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

इस वर्ष कार्यक्रम के दौरान कारगिल विजय दिवस भी मनाया गया। शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा के पिता फ्लाइट लेफ्टिनेंट (से.नि.) जे. पी. शर्मा एवं माता स्वदेश शर्मा के साथ-साथ सेक्टर-34 निवासी कारगिल युद्ध के योद्धा कर्नल (से.नि.) अभय गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के. के. जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, क्लियर मेडी अस्पताल सेक्टर-104 से कार्यकारी निदेशक कमांडर नवनीत बाली, डॉ. अनुज गुप्ता, अंशुमन शर्मा, कल्पना भूषण, सुपर्णा भूषण सूद, सुरेंद्र महाजन, दीपाली पसारी, कुलदीप मुंशी, ओमेन्द्र कुमार, एम. सी. भारद्वाज, संजीव महतो, शेखर शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महिला इंजीनियर की मौत मामले में पति-ससुर गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-75 में रहने वाली महिला इंजीनियर की मौत मामले में पुलिस ने शनिवार को सेक्टर-74 के चौराहे से पति व ससुर को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में अभी फरार अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। महिला के स्वजन की शिकायत पर ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज है।

थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि आरोपितों की पहचान आइवी काउंटी सोसायटी के रहने वाले आदित्य गोयल व उसके पिता रामस्वरूप गोयल के रूप में हुई। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। उधर, बुधवार रात को सेक्टर-113 थाना पुलिस को सेक्टर-62 के फोर्टिस अस्पताल से महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण हैंगिंग आया था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

गाजियाबाद नेहरू नगर की दीपिका गोयल की शादी फरवरी 2023 में नोएडा सेक्टर-74 के आइवी काउंटी सोसायटी में रहने वाले उद्यमी आदित्य गोयल संग हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग घर पर बात करने पर मारपीट करते थे। दहेज में मकान व गाड़ी की मांग करते थे।

आरोप है कि सभी ने मिलकर बुधवार को हत्या कर दी थी।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/22-2025-26/W-3 दिनांक: 25.07.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के सेक्शन में वाशिंग लाइन नंबर 20 का बचा हुआ कार्य और पुरानी वाशिंग कम पिट लाइन नंबर-19 को बदलने का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 2,79,82,250.39/- (रुपये दो करोड़ उनासी लाख बयासी हजार दो सौ पचास और उनतालीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,89,900/- (रुपये दो लाख नवासी हजार नौ सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00, |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.08.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

2279/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया कारगिल दिवस






**नोएडा (चेतना मंच)।** कारगिल विजय दिवस पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) के कार्यकर्ता एवं समस्त जनपद गौतमबुद्ध नगर के कांग्रेस सदस्यों ने नोएडा सेक्टर-29 स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को कैंडल जलाकर नमन किया एवं उन्हें याद किया। महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि यह ऐतिहासिक दिन है। देश की सरहद पर मुस्तैदी के साथ देश की सेवा कर रहे हमारे जवानों तथा संघर्ष के रण में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर शहीदों के सम्मान में हम उन्हें नतमस्तक होकर नमन वंदन करते हैं।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, फिर सिंह नागर, लियाकत चौधरी, सतेंद्र शर्मा, ललित अवाना, मुकेश शर्मा, गौतम अवाना, दयाशंकर पाण्डेय, राहुल पांडेय, मधुराज, डॉ. सीमा, रामकुमार शर्मा, पी. एस. रावत, देवेंद्र, रूबी चौहान, आर. के. प्रथम, तनवीर अहमद, ओमकार राणा, सुनील शर्मा, कपिल भाटी, रमेश, अरुण प्रधान, सतीश आदि उपस्थित रहे।

# भारत की विनिर्माण गतिविधि उच्चतम स्तर पर पहुंची



## महंगाई-रोजगार की चुनौती बनी चिंता का विषय

एजेंसी

**मुंबई।** जुलाई 2025 में भारत की विनिर्माण गतिविधियां 17.5 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया, जो जून के 58.4 के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि है। यह वृद्धि घरेलू और वैश्विक मांग में मजबूती का संकेत देती है। वहीं विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों का संयुक्त पीएमआई 60.7 पर पहुंच गया, जो पिछले एक साल से अधिक समय में सबसे तेज उछाल है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से तेज मांग, तकनीकी निवेश और उत्पादन क्षमता के विस्तार के कारण संभव हुई है। रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक विकास देखने को मिला है, खासकर सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में मजबूती आई है। भारतीय कंपनियां आने वाले 12 महीनों में उत्पादन वृद्धि को लेकर आशावादी हैं। कंपनियों ने इस वृद्धि के पीछे बढ़ती मांग, तकनीक में निवेश और क्षमताओं के विस्तार को मुख्य कारण बताया है। पीएमआई आंकड़ों से यह भी पता चला कि वस्तु उत्पादकों ने सेवा प्रदाताओं की तुलना में उत्पादन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है, जो अप्रैल 2024 के बाद से सबसे मजबूत रही। हालांकि सेवा क्षेत्र में जुलाई के दौरान गतिविधियों में थोड़ी नरमी देखी गई, फिर भी ऐतिहासिक मानकों के अनुसार वृद्धि की दर अच्छी रही। निजी क्षेत्र में परिचालन सुधार जारी रहा, साथ ही कुल बिक्री, निर्यात आदेश और उत्पादन स्तर में तेज वृद्धि हुई। हालांकि, कारोबारी विश्वास महंगाई और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण लगभग ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया है। रोजगार सृजन की दर भी पिछले 15 महीनों में सबसे कम रही।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 695.49 अरब डॉलर पर

**पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था**



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695.49 अरब डॉलर पर आ गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखी गई है। इससे पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर 2024 के अंत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था, लेकिन हालिया आंकड़ों के अनुसार इसमें गिरावट का रुझान देखने को मिल रहा है। 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां, 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर भी शामिल होता है। हालांकि, स्वर्ण भंडार में इस दौरान मामूली वृद्धि दर्ज की गई और इसका मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर हो गया। इस सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में भी गिरावट दर्ज की गई और यह 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर पर आ गया।

## ब्याज दरों में राहत और बेहतर मौसम से मांग में सुधार की उम्मीदः आईटीसी

▶ ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में सुधार के मिल रहे संकेत कंपनी के लिए सकारात्मक




एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईटीसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कंपनी की सालाना आम बैठक (एजीएम) में निवेशकों को संबोधित करते हुए बाजार मांग में नरमी को लेकर सतर्क रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कमजोर वैश्विक वातावरण, खाद्य महंगाई और भारतीय बाजार में उत्पादों की डंपिंग जैसी वजहों से उपभोक्ता मांग प्रभावित हुई है। इस कारण कंपनी के कारोबार पर भी असर पड़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्याज दरों में संभावित कटौती, बेहतर मानसून और समग्र महंगाई में कमी से आने वाले महीनों में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जो कंपनी के लिए सकारात्मक हैं। एफएमसीजी कारोबार को लेकर उन्होंने बताया कि आईटीसी ने आंतरिक दक्षता बढ़ाने, लागत नियंत्रण, और उत्पाद मिश्रण को बेहतर करने जैसे कई कदम उठाए हैं।

## शेयर बाजार में 2025 की सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट रही



▶ सेंसेक्स 721.08 अंक गिरकर 81,463.09 पर बंद

▶ निफ्टी 225.10 अंक टूटकर 24,837 पर बंद

एजेंसी

**मुंबई।** बीते सप्ताह भारत के प्रमुख इक्विटी सूचकांकों ने 2025 की सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की है। यह अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार हुआ है कि सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चार सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुए हैं। बाजार में भारी वोलैटिलिटी देखने को मिली, जिसका मुख्य कारण भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते पर अनिश्चितता, कंपनियों के मिले-जुले नतीजे, विदेशी निवेश की निरंतर निकासी और अमेरिका-भारत व्यापार सौदे को लेकर असमंजस था। सेंसेक्स सप्ताह के अंत में 294.64 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी 131.4 अंक नीचे आया। सप्ताह की शुरूआत में सोमवार को दोनों सूचकांक गिरावट के साथ खुले, लेकिन आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में हुई खरीदारी के कारण शुरूआती नुकसान की भरपाई हुई।

## खास खबर

### एनएफएल ने एवीएफसीसीएल में 1.8 लाख का निवेश किया

**नई दिल्ली।** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) में 1.8 लाख का निवेश किया है। एनएफएल ने 10 रुपए प्रति शेयर की दर से 18,000 इक्विटी शेयर खरीदकर एवीएफसीसीएल में 18 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है। एवीएफसीसीएल को 25 जुलाई को एक संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य असम के नामरूप क्षेत्र में नामरूप आईवी अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना करना है। इस जॉइंट वेंचर में असम सरकार, ऑयल इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एनएफएल शामिल हैं।

### रेलवे ने ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी रोकने 2.5 करोड़ यूजर आईडी बंद की

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग में हो रही गड़बड़ियों और धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने आईआरसीटीसी की 2.5 करोड़ से अधिक संदिग्ध यूजर आईडी को बंद कर दिया है। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी, जहां सांसद ए. डी. सिंह ने इस मामले को उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि करोड़ों यूजर आईडी क्यों बंद की गई, टिकट बुकिंग खुलते ही टिकट कैसे गायब हो जाते हैं और इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे क्या कदम उठा रहा है। सरकार ने बताया कि इन यूजर्स के बुकिंग पैटर्न में अनियमितताएं पाई गई, जिसके चलते इनकी आईडी को बंद करना जरूरी था।

### रिलायंस ने कैल्विनेटर ब्रांड अधिग्रहित कर पुरानी यादें ताजा कीं

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्रसिद्ध फ्रिज ब्रांड कैल्विनेटर का अधिग्रहण कर पुरानी यादों को एक बार फिर ताजा कर दिया है। 1970 और 80 के दशक में घर-घर में लोकप्रिय यह फ्रिज ब्रांड अब रिलायंस के कंज्यूमर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बनेगा। सोशल मीडिया पर कैल्विनेटर के पुराने विज्ञापन तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग व्यक्ति के नकली दांत फ्रिज खोलते ही खड़खड़ाने लगते हैं। यह विज्ञापन उस दौर की याद दिलाते हैं जब कैल्विनेटर द टूरिस्ट वन टैगलाइन के साथ भारत में होम रेफ्रिजरेशन को लोकप्रिय बना रहा था। कैल्विनेटर के अधिग्रहण के साथ रिलायंस ने अपनी नॉस्टैल्जिया आधारित रणनीति को और मजबूत किया है।

### टाटा समूह ने पांच साल में किया 1 लाख करोड़ का निवेश

**मुंबई।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने समूह की वार्षिक रिपोर्ट में जानकारी दी है कि बीते पांच वर्षों में टाटा समूह ने अपनी कंपनियों में 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है। समूह अब सेमीकंडक्टर, डिजिटल सेवाओं, बैटरियों और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को अपनी वृद्धि का अगला चरण मान रहा है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह भविष्य के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है।

## डिफेंडर की भारत में जबरदस्त मांग : मार्टिन लिम्पर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेंज रोवर के ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर मार्टिन लिम्पर्ट ने कहा कि डिफेंडर की भारत में जबरदस्त मांग रही है, ऐसे में इसका लोकल प्रोडक्शन एक स्वाभाविक कदम होगा। अगर कंपनी इस दिशा में आगे बढ़ती है, तो ग्राहकों क ो इसकी कीमत में बड़ी राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 2025 में जेएलआर ने भारत में 6,183 यूनिट्स की खुदरा बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल की तुलना में 40 प्रतिशत ज्यादा है। इससे कंपनी देश के लग्जरी कार बाजार में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। हालांकि कंपनी ने अलग-अलग मॉडलों की बिक्री के आंकड़े साझा नहीं किए, लेकिन यह साफ किया कि डिफेंडर उसकी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही। गौर करने वाली बात यह है कि लोकली असेंबल की गई रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट की बिक्री में 2.5 गुना की वृद्धि हुई थी। ऐसे में डिफेंडर का स्थानीय निर्माण भी कारोबार को नया विस्तार दे सकता है। हालांकि, डिफेंडर के लिए अभी कुछ व्यावहारिक चुनौतियां हैं। इसका पूरा उत्पादन फिलहाल स्लोवाकिया के नित्रा प्लांट में होता है, जहां से भारत में भेजने के लिए जरूरी सीकेडी किट्स की सप्लाई की सुविधा फिलहाल उपलब्ध नहीं है। साथ ही यूरोप और भारत के बीच व्यापार समझौतों की स्थिति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फिलहाल, जेएलआर भारत में लोकल प्रोडक्शन को विस्तार देने में जुटी है और टाटा मोटर्स के साथ मिलकर तमिलनाडु में नया प्लांट स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां फिलहाल इवोक, वेलार, डिस्कवरी स्पोर्ट, रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट जैसे मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। कंपनी की योजना है कि यहां सीकेडी ऑपरेशन के जरिए भविष्य के मॉडल्स का भी उत्पादन किया जाए, जिसमें डिफेंडर शामिल हो सकता है। बता दें कि भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट की स्थानीय असेंबली को मिली शानदार सफलता के बाद, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) अब अपने पॉपुलर ऑफ-रोडर डिफेंडर को भी देश में बनाने की संभावनाएं तलाश रही है।



### सोने की कीमतों में गिरावट, त्योहार से पहले खरीदारी का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली।** अगर आप सोने के गहने खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए बेहद लाभदायक हो सकता है। सोने की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे खरीदारों के लिए ज्वेलरी सस्ती हो गई है। 24 कैरेट और 22 कैरेट दोनों प्रकार के सोने के रेट में कमी दर्ज की गई है, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों के पास खरीदारी का बेहतरीन अवसर है। कीमतों में गिरावट की प्रमुख वजहें अमेरिका के टैरिफ से जुड़ी चिंताओं में कमी, डॉलर इंडेक्स का दो सप्ताह के निचले स्तर तक गिरना और स्पॉट मार्केट में मांग का कमजोर होना हैं। इन आर्थिक कारणों ने सोना और चांदी दोनों की कीमतों पर दबाव डाला है।

## बैंकनेट पोर्टल से पीएसबी की ई-नीलामी में तेजी, वसूली तीन गुना बढ़ी

▶ जून 2025 के बीच1,24,798 नीलामियों में से 18,361 सफल रहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा फंसी संपत्तियों की वसूली के लिए उपयोग किए जा रहे नए ई-नीलामी पोर्टल बैंकनेट ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। यह पोर्टल 1 जुलाई 2024 से सक्रिय हुआ और जनवरी 2025 में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। बैंकनेट के माध्यम से जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच कुल 1,24,798 नीलामियां आयोजित की गईं, जिनमें से 18,361 नीलामियां सफल रहीं। इससे नीलामी की सफलता दर 14.7 फीसदी तक पहुंच गई, जो पिछले पोर्टल ई-बिक्रय के 9 फीसदी के मुकाबले कहीं अधिक है। इस दौरान 15,731 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष के 5,267 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। यूको बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैंकनेट से पारदर्शिता बढ़ी है। अब संपत्तियों की फोटो और वीडियो अपलोड की जा सकती हैं, जिससे खरीदारों का विश्वास बढ़ा है।

## मधुरिमा तुली की सफेद पोशाक ने दिखाई असली सुंदरता की चमक

**मुंबई।** कभी-कभी, सबसे प्रभावशाली फैशन स्टेटमेंट सबसे सरल होते हैं। अपनी आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति और सहज शैली के लिए जानी जाने वाली मधुरिमा तुली ने हाल ही में अपने नवीनतम सफेद पोशाक लुक से साबित कर दिया कि असली सुंदरता सादगी में ही निहित है। एक कोमल, प्रवाहमयी सफेद पोशाक पहने, मधुरिमा बिना ज्यादा मेहनत किए ही दमकती हुई लग रही थीं। यह पोशाक न तो भड़कीली थी और न ही अति-स्टाइल वाली। यह साफ-सुथरी, सुरुचिपूर्ण और बेहद आकर्षक थी। सफेद रंग, अक्सर शांति और पवित्रता का प्रतीक होता है और मधुरिमा पर यह शांत आत्मविश्वास की झलक देता था। उनका मेकअप प्राकृतिक और हल्का रखा गया था, जिससे उनकी ताजा त्वचा और कोमल चेहरे की बनावट निखर कर सामने आ रही थी। बालों को हल्के लहरों में बाँधे और बिना किसी अतिरिक्त एक्सेसरीज के, पूरा लुक सहज और सहज लग रहा था, फिर भी बेहद आकर्षक। ट्रेंड्स, फि ल्टर्स और बोल्ड फैशन विकल्पों से भरी इस दुनिया में, यह लुक ताजगी भरा लगा। इसने दिखाया कि ध्यान आकर्षित करने के लिए आपको चमक-दमक या नाटकीयता की जरूरत नहीं है। कभी-कभी, बस खुद बने रहना ही काफी होता है। इस पोशाक को सबसे अलग बनाने वाली बात यह है कि वह इसमें कितनी सहज और आत्मविश्वास से भरी दिख रही थीं। यही असली आकर्षण है बिना शोर-शराबे वाला आत्मविश्वास। मधुरिमा का सफेद पहनावा सिर्फ.फैशन के बारे में नहीं था। यह एक याद दिलाता था कि स्टाइल का जटिल होना जरूरी नहीं है। जब आप अच्छा महसूस करते हैं, तो आप अच्छे लगते हैं और यह लुक पूरी तरह से दिल को छू लेने वाला था।



### भारत की स्टील स्लैग रोड तकनीक ने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्टील स्लैग रोड तकनीक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता पा रही है। अमेरिका के शिकागो और ओमान जैसे देशों में भी इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। सीआरआरआई के एक वैज्ञानिक ने बताया कि यह तकनीक भारत के सड़क निर्माण क्षेत्र में एक गेम चेंजर साबित होगी। सड़क निर्माण में मुख्य सामग्री प्राकृतिक एग्रीगेट (जैसे बजरी और रोड़ी) होती है, जिसकी वार्षिक खपत लगभग 1.2 बिलियन टन है। इसके कारण पर्यावरण पर भारी दबाव पड़ता है, क्योंकि एग्रीगेट के लिए माइनिंग करनी पड़ती है। स्टील स्लैग रोड तकनीक पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के पुनर्चक्रण में भी मददगार साबित हो रही है। इसमें स्टील स्लैग का इस्तेमाल कर पारंपरिक सड़क निर्माण सामग्री की जगह ली जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है।

## आकर्षक लुक के साथ पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट एमजी साइबेस्टर कार लांच

**शुरूआती कीमत 74.99 लाख रुपए एक्स-शोरूम तय**




एजेंसी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आखिरकार शनिवार को भारतीय बाजार में देश की पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार एमजी साइबेस्टर को बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। आकर्षक लुक और दमदार बैटरी पैक से लैस इस इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार की शुरूआती कीमत 74.99 लाख रुपये एक्स-शोरूम तय की गई है। बता दें इस कार को कंपनी ने इस साल के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान शोकेस किया था, जहां इस कार ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। एमजी मोटर ने एमजी साइबेस्टर की बुकिंग पहले ही शुरू कर दी थी. ऐसे ग्राहक जिन्होंने इस कार को लॉन्च से पहले बुक किया उन्हें ये कार महज 72.49 लाख रुपए की शुरूआती कीमत में मिलेगी यानी तकरीबन 2.5 लाख का शुद्ध मुनाफा। कंपनी का दावा है कि ये दुनिया की सबसे फास्ट एमजी कार है, जिसे एक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट अवतार में पेश किया है।

### रेनो ट्राइबर के नये फेसलिफ्ट मॉडल में अब ज्यादा फीचर्स

**नई दिल्ली।** रेनो ट्राइबर 7 सीटर कार मारुति अर्टिगा, टोयोटा इनोवा या किआ कैरेंस जितनी लोकप्रिय नहीं रही, फिर भी यह रेनो इंडिया की टॉप सेलिंग कार रही है। कंपनी इसका अब नया फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने जा रही है। नया मॉडल कुछ महत्वपूर्ण विजुअल और फीचर अपग्रेड्स के साथ आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें एलईडी हेडलाइट्स और डीआरएलएस, नया फ्रंट और रियर बंपर, नई ग्रिल और नए एलॉय व्हील्स जैसे एक्सटीरियर चेंजेस देखने को मिल सकते हैं। वहीं, इंटीरियर में नया डैशबोर्ड लेआउट और कुछ एडवांस फीचर्स जोड़े जाने की उम्मीद है। इंजन में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसमें वही 1.0-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलेगा।

## नई स्मार्टवॉच वॉच 3 प्रो को वैश्विक बाजार में पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपनी नई स्मार्टवॉच वॉच 3 प्रो को सीएमएफ ने वैश्विक बाजार में पेश किया है। इसमें 1.43 इंच की राउंड अमोलेड स्क्रीन दी गई है, जो 670 निट्स की ब्राइटनेस और ऑटो-ब्राइटनेस सेंसर के साथ बेहतर व्यूइंग अनुभव देती है। यह मात्र स्मार्टवॉच नहीं, बल्कि एक एडवांस टेक्नोलॉजी और एआई क्षमताओं से लैस एक शक्तिशाली डिवाइस है। यह पिछले वर्जन की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत बड़ी स्क्रीन के साथ आती है। डिवाइस का डिजाइन भी काफी प्रीमियम है, जिसमें आईपी68 रेटिंग के साथ डस्ट और वॉटर रेसिस्टेंस मिलता है और इसमें सॉफ्ट सिलिकॉन स्ट्रैप शामिल है। वॉच में रोटेटेबल क्राउन बटन के अलावा गेस्चर कंट्रोल भी शामिल है, जिससे यूजर झटका देकर या वॉच को घुमा कर कंट्रोल कर सकता है। इसमें ब्ल्यूटूथ 5.3 कॉलिंग का सपोर्ट है, जिससे कॉल को हैंडल करना आसान हो जाता है। फिटनेस और हेल्थ के लिए वॉच में हार्ट रेट सेंसर, एसपीओ, स्लीप और स्ट्रेस ट्रैकिंग के अलावा वूमेंस हेल्थ ट्रैकिंग भी दी गई है। इसमें 350 एमएएच की बैटरी दी गई है जो एक बार चार्ज करने पर 13 दिन तक चल सकती है। एओडी ऑन होने पर यह बैकअप 3.5 दिन तक रहता है और इसे फुल चार्ज करने में 99 मिनट लगते हैं। यूजर्स के लिए इसमें 131 स्पोर्ट्स मोड शामिल हैं। ड्यूल-बैंड जीपीएस और सभी प्रमुख सैटेलाइट सिस्टम्स का सपोर्ट आउटडोर एक्टिविटीज को सटीक बनाता है।



## मुंबई को दिया मैटर एरा 5000 प्लस का हरा तोहफा

**मुंबई।** तेज, गतिशील और ऊर्जा से भरपूर मुंबई अब इलेक्ट्रिक गतिशीलता की नई रफ्तार पकड़ रही है। मैटर की ओर से भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल एरा 5000 प्लस आज से मुंबई में उपलब्ध है। दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद और पुणे में शानदार शुरूआत के बाद अब यह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बाइक देश की आर्थिक राजधानी में दस्तक दे रही है। एक ऐसा शहर जो ट्रेंड सेट करता है, तेजी से बदलता है और हर नए इनोवेशन को खुले दिल से अपनाता है। एरा 5000 प्लस को भारत में ही डिजाइन और डेवलप किया गया है और इसमें है हाइपर शिफ्ट, जोकि खास तौर पर इलेक्ट्रिक बाइक्स के लिए बना गया 4-स्पीड मैन्युअल गियरबॉक्स है। पेट्रोल बाइक की तरह गियर बदलने का रोमांच अब इलेक्ट्रिक में भी मिलेगा, वो भी स्मूद और बिना आवाज के सफर के साथ। त्योहारों के मौसम—गणपति, दशहरा और दिवाली—से पहले एरा का आगमन मुंबई की सड़कों पर और भी रंग भर देगा। मैटर के फाउंडर और सीईओ मोहल लालभाई ने कहा, मुंबई कभी रुकती नहीं है। यह शहर तेज, समझदार और हमेशा आगे रहने वाला है। इसी सोच के साथ हमने एरा बनाई है—एक ऐसी बाइक जो चलाने में रोमांचक भी हो और चलाने में किफायती भी। इसमें हमारा खुद का गियरबॉक्स है, लिक्विड-कूल्ड मोटर है, और कई स्मार्ट फीचर्स हैं जो सफर को न सिर्फ मजेदार बल्कि फायदेमंद भी बनाते हैं। भारत की पहली इलेक्ट्रिक बाइक जो देती है लाइफटाइम बैटरी वारंटी एरा 5000 प्लस मुंबई के राइडर्स को निश्चिंत सफर का भरोसा देती है, चाहे वीकडे की भीड़ हो या वीकेंड का ट्रिप। स्थानीय विकास, देशी सॉल्यूशनः MATTER अपनी पूरी तकनीक पावरट्रेन से लेकर बैटरी तक—इन-हाउस बनाता है। इस वजह से क्वालिटी और परफॉर्मेंस पर उनका पूरा नियंत्रण रहता है और बाइक भारतीय सड़कों, मौसम और राइडिंग स्टाइल के हिसाब से एकदम फिट बैठती है। मुंबई में नया एक्सपीरियंस सेंटर भी खुला हैः साकी नाका जंक्शन, अंधेरी में बना यह सेंटर ग्राहकों को टेस्ट राइड, बाइक के फीचर्स का अनुभव और ऑन-ग्राउंड जानकारी देगा—ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों पर।



## पुष्पा इम्पॉसिबल में स्वरा के लापता होने के लिए पुष्पा को ठहराया गया जिम्मेदार

एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी भावनात्मक कहानी और दिल छू लेने वाले किरदारों के साथ दर्शकों का दिल जीतता आ रहा है। जहां हाल ही के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि प्रोफेसर राजवीर शास्त्री पुष्पा से मिलने आते हैं और गुरु दक्षिणा के रूप में उनसे कॉलेज लौटने का अनुरोध करते हैं। लेकिन पुष्पा विनम्रता से मना कर देती हैं और कहती हैं कि उन्होंने वह सपना अब छोड़ दिया है। फिर भी, वह गुरु पूर्णिमा पर राजवीर को शुभकामनाएं देती हैं और उन्हें अपनी यात्रा का मार्गदर्शक मानकर धन्यवाद देती हैं। आगामी एपिसोड्स में कहानी में आता है बड़ा मोड़ – जब छोटी स्वरा (वृहि कोड़वरा) को दीप्ति की प्रेग्नेंसी के चलते उपेक्षित महसूस होने लगता है। उसे लगता है कि अब वह सबका केंद्र नहीं रही। दुखी और उलझन में, स्वरा चुपचाप घर से निकल जाती है – पहले स्कूल जाती है और फिर अचानक लापता हो जाती है। जब पुष्पा उसे लेने स्कूल देर से पहुंचती हैं, तो उन्हें पता चलता है कि स्वरा गायब है, और पूरे परिवार की नजरें इल्जाम के तौर पर पुष्पा पर टिक जाती हैं। क्या पुष्पा समय रहते स्वरा को ढूंढ़ पाएंगी? और क्या वह उस परिवार का विश्वास फिर से जीत पाएंगी?।



## बाएं हाथ में ही क्यों पहनते हैं घड़ी?




क्या आपने कभी सोचा कि क्यों बाएं हाथ में ही घड़ी पहनी जाती हैं? इसका जवाब बहुत ही रोचक है।

बाएं हाथ में घड़ी पहनने से भी पहले आपको उस दौर में चलना होगा जब घड़ियां हाथ में नहीं पॉकिट में हुआ करती थीं। आपने भी पुराने जमाने की चेन वाली घड़ियां देखी होंगी जिन्हें जेब में रखा जाता था। जेब से निकालकर समय देखा जाता था।

माना जाता है कि कुछ लोग इस चेन वाली घड़ी को हाथ में पहनने लगे और इन हाथ में घड़ी बांधने का चलन शुरू हुआ। बाएं हाथ में घड़ी बांधने की मुख्य वजह अधिकतर लोगों का दाएं हाथ से अधिकतर काम करने वाला होना है। जब आपका दायां हाथ काम में व्यस्त है, बाएं हाथ में इसी दौरान समय देखना बेहद आसान होता है और काम भी दाएं हाथ से चलता रहता है। बाएं हाथ में घड़ी बांधना इतना कॉमन है कि घड़ियां भी इसी हिसाब से बनाई जाने लगीं। दाएं हाथ से अन्य काम करने के चलते आपकी घड़ी भी सुरक्षित रहती है। इसके गंदे होने, स्क्रेच लगने और काम की जगह जैसे टेबल पर टकराने की संभावना भी कम होती है।

## ऐसे मंदिर जहां पुरुषों का प्रवेश है वर्जित



मंदिरों में महिलाओं के प्रवेश वर्जित होने की बात कई बार सुनते हैं लेकिन भारत में ऐसे कई मंदिर मौजूद हैं जहां पुरूषें का जाना वर्जित है। केरल के तिरुवनंतपुरम में देवी पार्वती मंदिर है। इस मंदिर में हर साल करीब 30 लाख महिलाएं दर्शन के लिए आती हैं। इसे 'नारी सबरीमला' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें भी पुरुषें का प्रवेश वर्जित है।

केरल के अलापुझा जिले में स्थित एक ओर मंदिर है जहां पुरुषें का प्रवेश वर्जित है। इस मंदिर में हर साल पोंगल का त्योहार मनाया जाता है, जिसमें हजारों महिला श्रद्धालु हिस्सा लेती हैं। यह कार्यक्रम करीब एक हफ्ते तक चलता है, जिसे नारी पूजा के नाम से भी जानते हैं। इस दौरान यहां पुरुषें का प्रवेश विशेष तौर पर वर्जित होता है। तमिलनाडु के देवी कन्याकुमारी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। देवी भगवती के इस स्वरूप को संन्यास की देवी के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि इस मंदिर के गर्भगृह में विवाहित पुरुषें का प्रवेश सख्त वर्जित है।

# बच्चे हरी सब्जियां खाने में करते हैं नखरे तो अपनाएं ये तरीके



खानेपीने की अच्छी आदतें बचपन से डाली जाएं तो वो ताउम्र कायम रहती हैं। शुरू से ही बच्चों को यदि हरी पत्तेदार सब्जियां, फल आदि खाने में दिए जाएं तो वो हमेशा हेल्दी खाना खाएंगे और स्वस्थ रहेंगे। बस, थोड़ी सी मेहनत करें तो बच्चों में नई-नई सब्जियों का स्वाद पसंद करवाने के लिए लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं रह जाएगी।

### 1. नई सब्जियां कराएं ट्राई

एक नए डिश को अपनाने में बच्चों को कम से कम छह से सात बार उसे ट्राई करने तक का समय लग जाता है। आप अपनी कोशिश में कमी न आने दें। यकीन मानिए, सालभर में ही आपका बच्चा नई-नई चीजों की तारीफ करना शुरू कर देगा।



### 2.शॉपिंग पर ले जाएं

खाने-पीने के सामानों की शॉपिंग के लिए जब आप मार्केट जा रही हों तो बच्चे को भी अपने साथ ले जाएं। नए-नए फलों व सब्जियों की खरीदारी से उन्हें लगाव हो जाएगा। फिर, अपनी चुनी हुई नई सब्जियों व फलों को खाना उन्हें पसंद आने लगेगा।

### 3. सजाकर परोसें प्लेट

भोजन के साथ इनोवेटिव बनें, खासकर तब जब आप बच्चों को उनसे इंट्रोड्यूस करवा रही हों। उसे करीने से प्लेट में सजाकर स्टाइल के साथ पेश करें ताकि वह खूबसूरत, क्रिएटिव और आकर्षक नजर आएं। इससे वे नए-नए खाद्य पदार्थों से जल्दी दोस्ती कर उन्हें अपना बना लेंगे।

### 4. जबरदस्ती न करें

खाने की जगह को लड़ाई का मैदान न बनने दें। बच्चों को उतना ही खिलाएं, जितना वे अपनी मर्जी से खाना चाहें। इस तरह वे उसे एंज्वॉय कर पाएंगे।

### 5. खाने पर हो पूरा ध्यान

बच्चों में टीवी देखते हुए खाने की आदत न डालें। इससे न तो वे यह समझ पाएंगे कि वे क्या खा क्या रहे हैं और न ही खाने की तारीफ कर पाएंगे। कभी-कभार अति व्यस्त दिनचर्या के बीच आप ऐसा कर सकती हैं, लेकिन इसकी आदत ना डालें।

### 6. स्वाद पहचानना सिखाएं

सभी सब्जियों को अलग-अलग तैयार कर करीने से परोसें न कि मिक्स वेजिटेबल के रूप में। बच्चों को मिक्स वेजिटेबल परोसने से उन्हें अलग-अलग सब्जियों के स्वाद, सुगंध और जायके को समझने में परेशानी हो सकती है।

### 7. वक्त का रखें ध्यान

बच्चों को समय से भोजन देते रहें ताकि उन्हें स्नैक्स खाने की गलत आदत से बचा सकें। बीच-बीच में स्नैक्स देने के दो नुकसान हैं। बच्चों को फास्ट फूड की लत लग जाती है और उन्हें खाने के टाइम पर भूख भी नहीं लगती।

# साफ और खुशबूदार टॉवल के लिए ये करें...



बारिश के मौसम में टॉवल देर तक सूखते नहीं है। ऐसे में उन्हें नमी की बदबू से बचाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साफ-सुंदर-खुशबूदार टॉवल के लिए **ये तरीके अपनाएं...**

- नहाने के बाद टॉवल को धूप में डालने की आदत के जबरदस्त फायदे हैं। यह करते रहेंगे तो साफ फर्क देखेंगे।
- नए टॉवल से रोएं निकलने की समस्या तब तक आएगी, जब तक यह एक-दो बार धुल नहीं जाएंगे।
- टॉवल के रंगों को बरकरार रखना चाहते हैं तो पहली बार जब इसे धोएं तो डिटर्जेंट के साथ विनेगर भी डालें, इसके बाद मैन्युफैक्चर इंस्ट्रक्शन के अनुसार इन्हें सुखाएं।
- नमी की गंध भगाने के लिए टॉवल को गर्म पानी में विनेगर डालकर धोएं। अब दोबारा अपने लॉन्ड्री डिटर्जेंट से भी धोएं।
- हमेशा ध्यान रखें कि ज्यादा डिटर्जेंट डालेंगे तो टॉवेल ज्यादा साफ नहीं होता उल्टा यह कडक हो जाएगा।
- कपड़ों के साथ टॉवल धोने की आदत को बदल लें। इस कारण टॉवल की सफाई अच्छी तरह से नहीं हो पाती है।

# ऐसे रहेगा मेकअप परफ़ेक्ट



मॉनसून सबसे खूबसूरत मौसम होता है लेकिन घर से बाहर निकलते ही आपके मेकअप को खराब भी कर देता है। बारिश के डर से बेस्ट दिखना बंद नहीं कर दें। ये सूपर ट्रिक्स अपनाकर आप अपने मेकअप को परफ़ेक्ट बनाए रख सकते हैं।

- मॉनसून का मतलब बारिश और खूब सारी उमस। मेकअप शुरू करने से पहले बेस मजबूत करें। इसके लिए ये तीन स्टेप वाला स्किन केयर रूटीन अपनाएं। फ़ेसवॉश, टोनर और मॉइस्चराइजर। ऑइल कंट्रोल सोप-फ्री फ़ेस वॉश का इस्तेमाल करें। इससे ब्रेकआउट्स नहीं होंगे और आपकी स्किन भी ओवरड्राय नहीं होगी। रोज-वॉटर और नैचरल टोनर से चेहरा साफकरें। इसके बाद एसपीएफ वाला लाइट वेट मॉइस्चराइजर लगाएं।
- ह्यूमिडीटी का एक जनरल रूल ये है कि हेयर और मेकअप के साथ थोड़ा ईजी हो जाएं। जितना ज्यादा नैचरल रह सकते हैं... रहें। फाउंडेशन को सबसे पहले हटा दें क्योंकि इससे आपकी स्किन ज्यादा ऑइली दिखने लगेगी। ब्लश और आयशैडो को भी इग्नोर कर सकते हैं।
- बारिश के दिन बहुत डिप्रेसिंग भी हो सकते हैं लेकिन ये आपके चेहरे पर नहीं दिखना चाहिए। अपने मेकअप को जगह पर टिकाए रखने के लिए अच्छे प्राइमर का इस्तेमाल करें। इस तरह चेहरे पर ऑइल और चिपचिपाहट नहीं दिखाई देंगे। अब तो चेहरे के हर भाग प्राइमर मिल रहे हैं। फाउंडेशन और लिप प्राइमर से लेकर आयशैडो और लैश प्राइमर भी मिलते हैं। ये आपके मेकअप के अंदर सेट हो जाते हैं और बारिश में मेकअप गीला हो जाने पर भी बिगड़ने नहीं देते हैं।
- मानसून की सबसे खराब बात ये है कि सभी के बाल फ्रिज-बॉल की तरह दिखाई देने लगते हैं। अगर छतरी घर पर ही भूल जाते हैं और बाल भीग जाते हैं तो बाल ढेर सारा पानी एब्जॉर्ब कर लेते हैं। लीव-इन कंडीशनर या सीरम काफी हद तक फ्रिज की दिक्कत को कंट्रोल कर लेते हैं। बालों को इस मौसम में बांध कर रखना ही ठीक है। ब्लोड्राय के बाद हेयरस्प्रे से बालों को सेट जरूर करें।
- लगभग हर मेकअप प्रोडक्ट का वॉटरप्रूफ वर्जन मिल जाता है। इन्हें जरूर स्टॉक करके रखें। भारी बारिश में इन्हें लगाकर ही बाहर निकलें। इनमें से भी वॉटरप्रूफ मस्कारा सबसे ज्यादा जरूरी है। एक अच्छा मस्कारा इस्तेमाल करते हैं तो लाइनर भी स्किप कर सकते हैं। लिक्विड की जगह स्टिक या पॉट फाउंडेशन यूज करें। स्मज-प्रूफ लिपस्टिक ही लगाएं।
- जब मेकअप के साथ मेहनत की है तो अब इसे जगह पर बनाए रखने के लिए भी एक प्रोडक्ट बहुत जरूरी है। ट्रिक ये है कि हेयरस्प्रे की सूपर लाइट कोटिंग चेहरे पर स्प्रे करें। इस तरह आपका मेकअप अपनेआप जगह पर बना रहेगा और लम्बे वक़्त तक हटेगा नहीं।



लिप्स को मैट लिपलाइनर से आउटलाइन करें। इसे लिपस्टिक पेन्सिल से शेड करें। इनमें लिपस्टिक और ग्लॉस के मुकाबले कम मॉइस्चर पाया जाता है। आंखों के लिए वॉटर प्रूफ काजल का इस्तेमाल करें। अलग कलर्स में भी काजल या लाइनर ट्राय करें। आंखों के कोने में वाइट आइलाइनर पॉप ऐड करेगा। मानसून में लिक्विड आइलाइनर से दूर ही रहें।

# मॉनसून में हो रहे कई प्रकार के बुखार ये हैं वायरल के लक्षण



**मॉनसून में होने वाले बुखार के लक्षण**

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के मानद महासचिव पद्मश्री डॉ. के. के. अग्रवाल का कहना है कि अगर मॉनसून में बुखार हो तो इन बातों का ध्यान रखें:** जब तक टायफायड की पहचान न हो जाए, तब तक कोई भी एंटीबायटिक न लें। खांसी, आंखों का लाल होना और जुखाम आदि वायरल विकार की वजह से भी हो सकता है। डेंगू होने पर आखें हिलाने पर दर्द होता है। वहीं, चिकनगुनिया में मरीज़ को बुखार, रैशेज़ और जोड़ों में दर्द होता है। कलाई के जोड़ों को दबाने से जोड़ों का दर्द बढ़ता है। मलेरिया के बुखार में कपकपी छूटती है और कठोरपन आ जाता है। बुखार के बीच में टोक्सीमिया नहीं होता।

सीजन के बदलने पर लोगों को कई बीमारियां अपनी चपेट में ले लेती हैं, जैसे जुखाम, खांसी, बुखार। कई लोग ऑफिस या काम पर जाने के लिए एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं, ऐसा करना गलत है। बिना डॉक्टर की सलाह लिए कोई भी मेडिसिन लेना शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही मॉनसून में होने वाला बुखार भ्रम भी पैदा करता है।

बुखार कई प्रकार के होते हैं। इसमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, पीलिया और टायफायड शामिल हैं। इन सभी के लक्षण मिलते-जुलते रहते हैं। मॉनसून के बुखार में एस्प्रिन लेना नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि कई किस्म के बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या घटने लगती है।

पीलिया में जब तक पीलिया सामने आता है तब तक बुखार चला जाता है। टायफायड का रोगी टॉक्सिक लगता है और उसकी नब्ज बुखार से कम होती है। ज़्यादातर वायरल बुखार अपने आप नियंत्रित होते हैं और एक सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। मॉनसून के ज़्यादातर वायरल विकारों में उचित मात्रा में पानी लेने से इलाज हो जाता है। किसी लंबी मेडिकल बीमारी के दौरान बुखार होने पर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

# रिश्तों को बेहतर करना है तो करें प्लानिंग!

अगर आप रिश्तों में बुरे दौर से गुजर रहे हैं, तो भविष्य के बारे में सोचना आपके रिश्ते में गरमाहट ला सकता है. क्योंकि यह उलझनों से उबरने में मदद करता है और जीवन में सकारात्मकता लाता है. हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है. वाटरलू यूनिवर्सिटी में अनुसंधान करने वाले एलेक्स हुएन्ह ने कहा, छ्जब आपका पार्टनस पैसे, जलन या आपसी मुद्दों पर बहस करता है, तो वह उस वक्त अपने भावनाओं का इस्तेमाल बहस को तीखा करने के लिए करता है. ऐसे में जब वह अपने रिश्ते को लेकर भविष्य के बारे में सोचना शुरू करता है, तो उनका ध्यान झगड़े से हट जाता है.।



यह अध्ययन पत्रिका 'सोशल साइकोलॉजिकल एंड पर्सनैलिटी साइंस' में प्रकाशित हुआ है.

अतीत के शोध के मुताबिक, लोग बेवफाई के मुद्दों पर अधिक बेहतर तरीके से सोचने में सक्षम होते हैं, जब उनसे तीसरे व्यक्ति के रूप में पहलू पर सोचने के लिए कहा जाता है.

हुएन्ह ने कहा, हमारे अध्ययन में यह बाते सामने आई है कि रिश्तों के संघर्ष के संदर्भ में भविष्य आधारित अवधारणा को अपनाने से मनोवैज्ञानिक तौर पर खुशी व संबंध अच्छे होते हैं।

# सांसद रवि किशन को मिला संसद रत्न पुरस्कार 2025

गोरखपुर से भाजपा सांसद और लोकप्रिय अभिनेता रवि किशन शुक्ला को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आज नई दिल्ली स्थित नया महाराष्ट्र सदन में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद रत्न मिलने पर गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद रवि किशन को बधाई व आशीर्वाद दिया।

## बोले ...यह गोरखपुर की जनता के विश्वास की जीत है



### रविकिशन की ये भूमिका बनाई पुरस्कार की हकदार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज अहीर ने की। इस सम्मान के लिए चयन रवि किशन की प्रभावशाली संसदीय भागीदारी, प्रश्न पूछने, बहसों में सक्रिय भूमिका और निजी विधेयकों के प्रस्तुतीकरण जैसे ठोस आँकड़ों के आधार पर किया गया।

### प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं(2024-25 सत्र)

123 प्रश्न पूछे
14 प्रमुख बहसों में भागीदारी
3 निजी विधेयक (Private Member Bills) प्रस्तुत
लोकसभा में उच्च उपस्थिति दर

### सम्मान प्राप्त करने के बाद सांसद रवि किशन ने भावुक स्वर में कहा:

"यह केवल मेरा सम्मान नहीं है, यह गोरखपुर की उस पवित्र मिट्टी की महक है जो अब दिल्ली की फिज़ाओं में भी महसूस की जा रही है। यह पूर्वांचल की जनता की निष्ठा, विश्वास और समर्थन की जीत है।"

### उन्होंने आगे कहा:

"मैं इस उपलब्धि के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, गृहमंत्री श्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन ने हमें राष्ट्र और क्षेत्र की सेवा में समर्पित रहने की प्रेरणा दी। "साथ ही Prime Point Foundation और इसके संस्थापक श्री श्रीनिवासन जी का हृदय से धन्यवाद, जिन्होंने इस गरिमामयी सम्मान की परंपरा को शुरू किया।"

### गोरखपुर से दिल्ली तक गूंजती आवाज़

रवि किशन लगातार शिक्षा, युवा रोजगार, पूर्वांचल विकास, फिल्म उद्योग, सीमा सुरक्षा और डिजिटल भारत जैसे मुद्दों को संसद में पुरज़ोर ढंग से उठाते रहे हैं। उनकी उपस्थिति और योगदान संसद रिकॉर्ड में उल्लेखनीय रहा है, जो इस पुरस्कार की बुनियाद भी बना।

### संसद रत्न पुरस्कार: लोकतंत्र के कर्मवीरों का सम्मान

संसद रत्न पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 2010 में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी। इसका उद्देश्य उन सांसदों को सम्मानित करना है जो सक्रिय, उत्तरदायी और प्रभावी जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से डेटा पर आधारित होती है, जिसमें लोकसभा/राज्यसभा सचिवालय और PRS Legislative Research के आँकड़े शामिल होते हैं। इस वर्ष कुल 17 सांसदों और 2 संसदीय समितियों को यह सम्मान प्रदान किया गया।

### समर्थकों में खुशी की लहर

गोरखपुर में जैसे ही यह खबर पहुंची, सांसद रवि किशन के तारामंडल स्थित आवास पर समर्थकों ने जमकर मिठाइयाँ बाँटीं और एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। जयघोष और ढोल-नगाड़ों के बीच पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल रहा।

## योगी आदित्यनाथ ने भी दी बधाई

गोरखपुर के सांसद रविकिशन को सांसद रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है. रवि किशन की इस उपलब्धि पर यु पी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बधाई दी है. सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ ने लिखा " गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद श्री रवि किशन जी तथा फूलपुर के जनप्रिय सांसद श्री प्रवीण पटेल जी को नई दिल्ली में 'Sansad Ratna Award 2025' से विभूषित किए जाने पर हार्दिक बधाई. यह पुरस्कार न केवल आपकी लोकनिष्ठा का प्रमाण है, बल्कि संसद में आपके माध्यम से जनआकांक्षाओं को स्वर देने वाले समर्पण का सार्वजनिक सम्मान भी है।

# मां जया बच्चन से ज्यादा पत्नी ऐश्वर्या से डरते हैं अभिषेक बच्चन?



सीनियर बॉलीवुड एक्ट्रेस जया बच्चन की वीडियो क्लिप अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। जया कभी फोटोग्राफर्स को तो कभी फैंस को तमीज का पाठ पढ़ाती नजर आ जाती हैं। देखने वाले को लग सकता है कि जया बच्चन घर के सदस्यों के साथ भी बहुत सख्त होंगी और शायद अभिषेक बच्चन उनसे काफी डरते होंगे। लेकिन अभिषेक की बहन श्वेता बच्चन के मुताबिक मामला कुछ और ही है।

कॉफी विद करण में श्वेता बच्चन ने अपने भाई अभिषेक के बारे में कुछ ऐसा बताया कि फैंस के लिए हंसी रोकना मुश्किल हो गया। करण जौहर होस्टेड रियलिटी टॉक शो 'कॉफी विद करण' में जब अभिषेक बच्चन और उनकी बहन श्वेता बच्चन एक साथ मौजूद थे, तब बातचीत के दौरान एक काफी मजेदार बात सामने आ गई। अब यह पुराना क्लिप फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। करण जौहर ने रैपिड फायर राउंड के दौरान अभिषेक बच्चन से कुछ ऐसा पूछ लिया जिसकी उन्हें शायद ही उम्मीद रही हो। करण जौहर ने पूछा, "आप अपनी पत्नी और अपनी मां, में किससे ज्यादा डरते हैं?" अभिषेक ने जवाब दिया- मां। लेकिन श्वेता बच्चन ने तुरंत बात में दखल देते हुए कहा- पत्नी। अभिषेक बच्चन को अपनी बहन का जवाब ठीक नहीं लगा और उन्होंने सख्त लहजे में कहा- यह मेरा रैपिड फायर है ना, तुम चुप रहो।





## कारगिल युद्ध : सलमान खान के चुटकुलों पर सैनिकों के ठहाके

साल 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान घायल सैनिकों से अस्पताल में मिलने बॉलीवुड के कई सितारे गए थे। एक्टर्स सलमान खान, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन और शबाना आजमी जैसे कलाकारों को देखकर जवान हैरान रह गए थे। एक नई किताब में इस किस्से का जिक्र किया गया है। बॉलीवुड कलाकारों का एक समूह युद्ध के दौरान सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए करगिल पहुंचा था और घायल सैनिकों से अस्पताल में जाकर मुलाकात की थी। डॉ. अरूप रतन बसु की लिखित 'द करगिल वॉर : सर्जन्स टेस्टिमनी' में युद्ध के दौरान सेना की एक मेडिकल यूनिट के अंदर का विवरण प्रस्तुत करती है। पुस्तक में लगातार गोलाबारी के बीच घायल सैनिकों की सर्जरी करने से लेकर हवाई मार्ग के जरिए फिल्मी सितारों को सैनिकों से मिलने के लिए भेजने तक की कहानी शामिल है। मेडिकल यूनिट में उस समय मौजूद रहे डॉक्टर, सलमान खान के मजेदार चुटकुलों, जावेद जाफरी के नृत्य, सुनील शेट्टी की नम आंखों, पूजा बत्रा की इस मुलाकात में उदासीनता और अभिनेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाने की होड़ में लगे सैनिकों के बीच उत्साह का माहौल याद करते हैं।



डॉक्टर ने अपनी पुस्तक में लिखा है, 'सुनील शेट्टी अंदर आए, उनके बाद कई और हस्तियां आईं, जिनमें गीतकार जावेद अख्तर और उनकी पत्नी व अभिनेत्री शबाना आजमी भी शामिल थीं। मैंने शरद कपूर को भी पहचान लिया, जो टेलीविजन पर दिखाई देते थे लेकिन उतने मशहूर नहीं थे।' बसु ने उस किस्से के बारे में लिखा, 'फिल्मी सितारे करगिल पहुंच चुके थे। उनके आने का मकसद घायल सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था। उन्होंने मरीजों का हालचाल जानना शुरू किया और मैं उनके साथ वार्ड में गया था।' किताब के अनुसार, शबाना, अख्तर और अभिनेता विनोद खन्ना ने घायल सैनिकों के प्रति वास्तविक चिंता दिखाई जबकि सलमान खान, रवीना टंडन, जावेद जाफरी और पूजा बत्रा जैसे अन्य लोग रोजमर्रा की ही तरह बातचीत करते दिखे। उदाहरण के लिए, सलमान खान पूरी मुलाकात के दौरान फालतू के चुटकुले सुनाते रहे।



# लोगों की जुबां पर छाया माउली-माउली गीत

18 जुलाई 2025 को करज़ोन फिल्म्स और आदित्य ओम के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित हिंदी फ़िल्म 'संत तुकाराम' पूरे देशभर में एक साथ रिलीज़ हुई। यह फ़िल्म महाराष्ट्र की संत परंपरा के प्रमुख स्तंभ संत तुकाराम जी के जीवन और उनके सामाजिक, आध्यात्मिक योगदान पर आधारित है।





इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक फ़िल्म में मराठी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सुबोध भावे ने संत तुकाराम की भूमिका निभाई है, जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय से इस किरदार को जीवंत कर दिया है। फ़िल्म में हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ कलाकार संजय मिश्रा, रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल, शिशिर शर्मा, शीना चौहान और शिवा सूर्यवंशी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फ़िल्म के संगीत को विशेष रूप से सराहा जा रहा है, खासकर "माउली माउली" गीत को जो रिलीज़ होते ही श्रोताओं की जुबां पर छा गया है। इस गीत के संगीतकार और गायक रवि त्रिपाठी ने फ़िल्म से जुड़ने को एक सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा, "जहाँ आज समाज में भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर विभाजन की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं संत तुकाराम जी का जीवन हमें एक सूत्र में बाँधने वाला संदेश देता है। इस फ़िल्म के माध्यम से हम उनके विचारों और शिक्षाओं को हिंदी भाषा में देश और दुनिया तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।" रवि त्रिपाठी का मानना है कि भारतीय समाज को जोड़ने वाले तत्वों को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है, और ऐसी फ़िल्में उस दिशा में एक सार्थक पहल हैं। निर्देशक आदित्य ओम द्वारा निर्देशित यह फ़िल्म दर्शकों को आत्मिक शांति, भक्ति और सामाजिक चेतना का संदेश देती है।

# लिखने के बाद 2 बार बदली गई थी PK की कहानी

## वजह जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान

आमिर खान की फिल्म पीके को बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म की रिलीज से पहले थोड़ा विवाद जरूर हुआ, लेकिन फिर जब इसे रिलीज किया गया तो इसने धमाल मचा दिया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और इसकी कहानी भी लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म की कहानी एक नहीं बल्कि दो-दो बार बदली गई थी। वो भी पूरी तरह लिखी जाने के बाद। आमिर खान ने एक इंटरव्यू में यह किस्सा सुनाया था कि कैसे फिल्म की कहानी पूरी लिखी जाने के बाद दो बार बदल दी गई थी।




आमिर खान ने कहा, "मैंने उसको (राजकुमार हिरानी) को बोला कि जाने दे। लेकिन उसने कहा कि नहीं यार। बदलना पड़ेगा हमको बहुत गालियां पड़ेंगी।" असल में पीके की पहली कहानी में मुख्य किरदार के पास पावर्स थीं कि वो लोगों को दिमाग में जाकर उनके विचारों को बदलकर उनका इस दुनिया को देखने का नजरिया बदल सकता था। लेकिन इस कहानी पर 1.5 साल तक काम करने के बाद राजकुमार हिरानी और अभिजात जोशी को पता चला कि उनकी यह स्क्रिप्ट 2010 में आई हॉलीवुड फिल्म 'इनसेप्शन' से काफी ज्यादा मेल खाती है। आमिर खान और राजकुमार हिरानी दोनों को यह लगने लगा कि उन पर कहानी से आइडिया चुराने के आरोप लग जाएंगे। राजकुमार हिरानी ने फिर से इसे नए आइडिया के साथ लिखने का तय किया। इस कहानी में पीके भगवान को ढूंढ रहा होता है और जब लंबे वक्त तक उसे भगवान नहीं मिलते हैं तो वह भगवान के ऊपर कोर्ट में केस कर देता है। राजकुमार हिरानी ने एक इंटरव्यू में बताया, "हमें लगा कि यह इंट्रेस्टिंग आइडिया है, चलो इस पर कहानी डेवलप करना शुरू करते हैं।


# थिएटर में 'सैयारा' देखने पहुंच गए बाबाजी

## शो के बाद गिनाए इस फिल्म को देखने के फायदे

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' को बॉक्स ऑफिस पर काफी क्रेजी रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म रिलीज के बाद से ही कमाल कर रही है और अभी तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। आए दिन फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान रिकॉर्ड किए गए अतरंगी वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। कोई हाथ में ड्रिप लगाए फिल्म देखने पहुंच जा रहा है तो कोई फूट-फूटकर रोने लग रहा है। अब एक ताजा वीडियो में एक बाबाजी यह फिल्म देखने के बाद इसके बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते दिखाई पड़ रहे हैं।

भगवा कपड़े पहने बाबाजी फ्रंट रो में बैठकर फिल्म देखते नजर आते हैं और फिर दूसरे ही सीन में बाबाजी इस फिल्म के फायदे गिनाते दिख रहे हैं। बाबाजी ने कहा, "आज मैं 'सैयारा' मूवी देखने के इसलिए आया हुआ हूं। आप लोग सोच रहे होंगे कि बाबा होकर 'सैयारा' मूवी देखने आया है। लेकिन मैं मूवी के माध्यम से आप लोगों को प्रेम समझाने के लिए आया हूं। ताकि आप प्रेम समझ पाए। क्योंकि आज की पीढ़ी 4-4 अफेयर रखती है, इस युग में यह फिल्म आना बहुत जरूरी था। ताकि इसको देखकर प्रेम का पता चल सके।" बाबाजी इस क्लिप में देश के हर युवा को यह फिल्म देखने की सलाह देते नजर आ रहे हैं और बता रहे हैं कि लोग इस फिल्म के जरिए प्रेम को समझकर परमात्मा की प्राप्ति कर सकें इसलिए यह फिल्म देखना जरूरी है। वीडियो जहां इंटरनेट पर वायरल हो गया है वहीं कमेंट सेक्शन में लोगों ने ढेरों रिएक्शन्स दिए हैं। एक फॉलोअर ने लिखा, "बाबाजी कितने पैसे मिले यह फिल्म देखने के लिए आपको?" वहीं दूसरे ने लिखा, "देखी थी यह फिल्म, सिर्फ गाने अच्छे हैं। बाकी सब बकवास है।" एक शख्स ने बताया कि स्क्रिप्ट बहुत बुरी है।





# परेश रावल का हेरा फेरी 3 से बाहर होना क्या था पब्लिसिटी स्टंट?

## अक्षय कुमार बोले- जल्द ही हम...

हेरा फेरी 3 की जबसे अनाउंसमेंट हुई है तबसे फिल्म काफी चर्चा में है। कभी खबर आई थी कि अक्षय इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन फिर कन्फर्म हुआ कि अक्षय फिल्म में होंगे। कुछ दिनों पहले खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी है और उन पर लीगल एक्शन लिया गया है। अब हाल ही में फिर रिपोर्ट आई कि परेश फिल्म का हिस्सा होंगे। इस वजह से लोगों को लगने लगा कि कहीं ये सब पब्लिसिटी स्टंट तो नहीं तो जानें खिलाड़ी कुमार ने इस पर क्या जवाब दिया है।अक्षय ने कहा, 'नहीं ये सब पब्लिसिटी स्टंट नहीं है। सच में लीगल मामला हुआ था और जब लीगल मामला सुलझ गया तो सब सही हो गया। हम इसे पब्लिसिटी स्टंट नहीं कह सकते, ये सब सच में हुआ है।' अक्षय ने आगे कहा, 'लेकिन अब सब कुछ ठीक हो गया है। जल्द ही हम एक अनाउंसमेंट करने वाले हैं। हां कुछ उतार-चढ़ाव आए, लेकिन अब सब सही है। हम सब साथ हैं।' अब अक्षय के इस स्टेटमेंट से फैंस को जवाब मिल गया होगा। इससे पहले खबर आई थी कि अक्षय, सुनील शेट्टी और परेश ने एक अनाउंसमेंट वीडियो शूट किया था और वो आईपीएल में लॉन्च होना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।



# बॉर्डर 2 का शूट खत्म, दिलजीत ने बांटे लड्डू

## वरुण धवन और आहान शेट्टी को लगाया गले

1997 में आई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 इन दिनों में चर्चा है। फैंस को बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार है। फैंस के इस इंतजार के बीच बॉर्डर 2 का शूट खत्म हो चुका है। फिल्म में नजर आने वाले दिलजीत दोसांझ ने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैंस को दी। दिलजीत ने सेट से एक वीडियो शेयर किया है जहां वो क्रू और एक्टर्स को लड्डू खिलाते नजर आ रहे हैं। दिलजीत ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें दिलजीत फिल्म के शूट खत्म होने का जश्न मना रहे हैं। वो वरुण धवन, अहान शेट्टी समेत क्रू के बाकी लोगों को लड्डू खिलाते नजर आ रहे हैं। वरुण छोटे-छोटे बच्चों को भी लड्डू खिलाते नजर आ रहे हैं।

दिलजीत दोसांझ ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- बॉर्डर 2 का शूट खत्म हुआ। शहीद निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभाने का मौका मिला। इसी के साथ दिलजीत ने दो हाथ जोड़ने वाले इमोजी बनाए। दिलजीत के इस पोस्ट पर बहुत से फैंस ने खुशी जताई है। लोग दिलजीत की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- दिल जीत लिया भाई आपने। एक दूसरे यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा- बॉर्डर 2 का बेसब्री से इंतजार है। बहुत से यूजर्स ने हार्ट इमोजी बनाकर वीडियो पर रिएक्ट किया।बॉर्डर 2 की बात करें तो इस फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के अलावा सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी जैसे कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल 23 जनवरी को रिलीज हो सकती है।

# पतवाड़ी में ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन, 4 घंटे तक चली तोड़फोड़

## दो दर्जन दुकानें ध्वस्त, एक लाख वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के पतवाड़ी गांव से सटे सेक्टर 2 और 3 की ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध मार्केट पर शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। सुबह 6 बजे से शुरू हुई इस कार्रवाई में दो दर्जन दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। इस कार्रवाई में लगभग एक लाख वर्ग मीटर ग्रीन बेल्ट की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने मलवा हटाने के साथ ही पौधरोपण भी शुरू करा दिया है।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड पर सेक्टर 2 और 3 से सटी ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण कर आसपास के कुछ लोगों ने मार्केट बना लिया था। यह ग्रीन बेल्ट पतवाड़ी गांव के खसरा संख्या 663, 668, 670, 725, 729, 730, 739, 740 और 741 आदि की जमीन पर स्थित है। यहां पर अवैध रूप से ऑटोमोबाइल, अल्युमिनियम वर्क्स और मार्बल की दुकानें चल रहीं थीं। प्राधिकरण की तरफ से इन दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी की गई , लेकिन इन लोगों ने दुकानें नहीं हटाईं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में उद्यान विभाग और भूलेख विभाग की टीम ने भारी संख्या में नोएडा पुलिस बल की मौजूदगी में शनिवार सुबह 6 बजे से कार्रवाई शुरू की और करीब 4 घंटे तक लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान एडिशनल सीपी ह्रदेश कठेरिया, एसीपी वीर सिंह, एसीपी दीक्षा सिंह और एसीपी वर्णिका सिंह, आसपास चौकी और कोतवाली पुलिस व कमांडो मौजूद रहे। आठ जेसीबी और इतने ही डंपर लगाकर तोड़फोड़ और मलवा हटाने की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई को ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अतिक्रमण हटाने गई टीम और नोएडा पुलिस की सराहना की है।

ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर पौधरोपण शुरू कर दिया गया है। अतिक्रमण की कार्रवाई में ओएसडी भूलेख रामनयन सिंह, डीजीएम उद्यान संजय कुमार जैन, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, प्रबंधक प्रशांत समाधिया व प्रबंधक मिथिलेश कुमार आदि शामिल रहे।

### संपत्ति खरीदने से पहले प्राधिकरण से लें जानकारी : एसीईओ



ग्रेटर नोएडा प्राधिकारण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने चेतावनी दी है कि ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी, किसी भी तरह की संपत्ति खरीदने या किराए पर लेने से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य कर लें, कि वह संपत्ति अनधिकृत तो नहीं है।

# मुंबई जैसा होगा नोएडा का इलेक्ट्रोनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

## नोएडा के सीईओ ने एईएमएल के विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर के अध्ययन की रिपोर्ट देखी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की तर्ज पर जल्द ही नोएडा का इलेक्ट्रोनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इलेक्ट्रोनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के तैयार हो जाने के बाद नोएडा में बिजली कटौती व अन्य समस्याओं से नोएडा के लोगों को छुटकारा मिलेगा।

आपको बता दें कि मुंबई महानगर में अडाणी इलेक्ट्रिकसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) द्वारा इलेक्ट्रोनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इसका अध्ययन करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी व महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों द्वारा मुंबई इलेक्ट्रोनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का अध्ययन किया गया तथा एक रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट को अधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम के सामने रखा।

प्रजेंटेशन में बताया गया है कि भविष्य में नोएडा में 220/132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण जीएसआई पद्धति पर स्काडा सिस्टम (प्रणाली) सहित किया जाए। जिससे भूमि की बचत के साथ-साथ विद्युत फॉल्ट में भी कमी आएगी और उपकेन्द्र पूर्ण क्षमता के साथ काम करेंगे।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने सीईओ को बताया कि नोएडा में स्थापित 33केवी एवं 11 केवी के ऊपरगामी विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत किया जाएगा। विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण के लिए डबल पोल स्ट्रक्चर के स्थान पर रिंग मेन यूनिट तथा स्ट्रेटथ्रू ज्वाइंट का प्रयोग किया जाएगा। एक वर्ष के अंदर नोएडा में उक्त तकनीक का इस्तेमाल कर 33केवी व 11केवी की लाइनों को भूमिगत किया जाएगा तथा सेक्टरों की एचटी व एलटी लाइनों को भी भूमिगत किया जाएगा।

# एमिटी विश्वविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**नोएडा (चेतना मंच)।** कारगिल युद्ध में अपने शौर्य एंव वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एमिटी विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला सहित अधिकारियों और छात्रों ने ध्वजारोहण किया और छात्रो ने देश भक्ती गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर ने संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी में आयोजित यह कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम उन सभी सैनिको के प्रति श्रद्धांजली है, जिनकी बदौलत आज हम स्वंय को सुरक्षित महसूस कर रहे है। कारगिल विजय दिवस, भारत के हर व्यक्ति के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। आज के दिन हमने विश्व को दिखा दिया कि भारत सदैव शांति चाहता है लेकिन अगर कोई हमारी सरहदों को लांघेगा तो हम उसका जवाब देगे। डा शुक्ला ने कहा कि एमिटी सदैव छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करता है जिससे हमारे युवा हर क्षेत्र में देश का नाम रौशन करे। एमिटी के विभिन्न संस्थानों जैसे एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रैटजिक एंड स्टडीज, एमिटी एसएसबी एकेडमी और एमिटी कैडट कॉप्स आदि के जरीए छात्रों को सैन्य सेवाओं के लिए तैयार करते है।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रैटजिक एंड स्टडीज के निदेशक बिग्रेडियर (डा) आनंद तिवारी ने स्वागत करते हुए कहा कि आज हम कारगिल विजय दिवस पर पाकिस्तान पर भारत की विजय का दिवस मना रहे है जो युदध में भाग लेने वाले सैनिकों के गौरव और वीरता को पुनर्जीवित करने के लिए मनाया जाता है।

इस अवसर पर बिग्रेडियर अशोक हक, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, एआटीओ डा सियाराम वर्मा, एमिटी विश्वविद्यालय के बिग्रेडियर अर्जन दत्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# हरियालो सावन आयो रे तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया



गाजियाबाद। अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान जानकी वाटिका कक्षा के तत्वावधान में हरियालो सावन आयो रे तीज पर्व हर्षोल्लास से सन्त निवास नेहरू नगर में संपन्न हुआ। तीजोत्सव का शुभारंभ श्रीमती सुमन बंसल ने वैदिक प्रार्थना एवं सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु करते हैं हम शुरू आज का काम प्रभु भजन गाकर किया। गायिका सुमन बंसल,जॉली शर्मा आदि ने तीज पर्व के गीत सुनाकर आनंदित कर दिया। योग शिक्षिका वीना वोहरा,मीनाक्षी अग्रवाल,विभा भारद्वाज,जॉली शर्मा सुमन बंसल,सीमा अग्रवाल एवं अम्बिका गर्ग का सावन के गीतों पर एकल नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे।

योगी राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि श्रावण मास, जिसे सावन भी कहा जाता है,भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है।इसे भगवान शिव की पूजा,उपवास और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। श्रावण मास वस्तुतः श्रुति के अध्ययन का मास है अध्यापन हेतु इन दिनों आश्रमों से संन्यासी तपस्वी योगी ज्ञानी सन्त महात्मा ग्रामों नगरों में गृहस्थियों को जीवन जीने की कला सिखाने आते हैं श्रावण मास के आरम्भ की पूर्व संध्या पर उनको घरों में आसन दे पूजन कर सेवा सत्कार कर वेद कथाओं भागवत कथाओं का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

तीजोत्सव समारोह में योग साधिकाओं की सुन्दर प्रस्तुति पर अम्बिका गर्ग प्रथम,जॉली शर्मा द्वितीय एवं सीमा अग्रवाल तृतीय पुरुस्कार विजेता रही।

सावन के गीतों पर महिलाओं के द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही। 'छुप गए सारे नजारे ओये क्या बात हो गई' गीत के नृत्य में हीरो का रोल संयोजिका वीना वोहरा और महिला रोल मीनाक्षी अग्रवाल ने किया।जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।



विशेष आमंत्रित भारती अग्रवाल ने कहा कि तीज जब आती है तो चारों और हरियाली,उल्लास, उत्साह का वातावरण बन जाता है।

योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि स्वयं प्रकृति भी इन दिनों हमें त्यागमयी हो संगच्छध्वं की शिक्षा दे रही है। ईश्वर, जीव और प्रकृति तीनों को सम्यक जानकर ही ज्ञानमय व्यवहार हो तो जीवन हरियाली से भर सकता है।

विदुषी बहिन उमा शर्मा ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ये मिलने मिलाने का त्यौहार है। अनुराधा भटनागर ने तीजोत्सव पर हरियाणवी लोक गीत सुनाया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री नेतराम, डा प्रमोद सक्सेना,संजय खंडेलवाल, दर्शना मेहता,राधा शर्मा, बिमला सिंह,वीना गुप्ता,दीपा गर्ग,डा ईशा माथुर,माला सिंह आदि मौजूद रहे।

समारोह संयोजिका वीना वोहरा ने तीजोत्सव की बहुत बहुत बधाई दी ओर कहा कि प्रफुल्लित और झूलते झूले,प्राकृतिक सौंदर्य जीने के लिए एक नया जोश पैदा करते हैं।उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।शांतिपाठ और जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

